

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 280 | कुशीनगर | गुरूवार 12 अगस्त, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये



# यूपी में शनिवार का लॉकडाउन हटेगा

## सिर्फ रविवार को तालाबंदी रहेगी, नाइट कर्फ्यू भी अभी जारी रहेगाय कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना बोले- जल्द सरकार लेगी फैसला




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग को गाइडलाइन तैयार करने का निर्देश दिया है।–प्रतीकात्मक इमेज उत्तर प्रदेश में वीकेंड लॉकडाउन से जुड़ी बड़ी खबर है। बुधवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि शनिवार का लॉकडाउन जल्द खत्म किया जा सकता है। रविवार की तालाबंदी और पूरे हफ्ते में नाइट कर्फ्यू पहले की तरह लागू रहेगा। कोविड के कम होते मामलों को देखते हुए आगे रविवार की भी बंदी का फैसला वापस लिया जा सकता है। हालांकि, यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही लेंगे। टीम–9 की बैठक में सीएम ने की चर्चा मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में बुधवार सुबह 11 बजे हुई टीम–9 की बैठक में मुख्यमंत्री ने इस बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा– दो दिन की साप्ताहिक बंदी में आंशिक छूट दी जा सकती है। सीएम ने गृह विभाग को विस्तृत गाइडलाइन बनाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि, भीड़–भाड़ वाली जगहों पर हर हाल में कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराया जाए। कहीं भी अनावश्यक भीड़भाड़ न हो। कंट्रोल में आया कोरोना स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने दैनिक भास्कर से कहा कि प्रदेश में कोरोना काफी कंट्रोल में है। कई जिले संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। वैक्सीनेशन ड्राइव भी तेजी से चल रही है। सरकार ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स और मॉल्स को खोलने की परमिशन पहले ही दे दी है। जो नई गाइडलाइन है, उसके मुताबिक शिक्षण संस्थाएं भी खुलने जा रही हैं। ऐसे में वीकेंड पर बाजार को खोलने पर भी विचार हो रहा है। जो वीकेंड लॉकडाउन होगा उसे भी अब जल्दी खत्म किया जा सकता है।



हरियाली तीज का पर्व ब्रज में मनाया जा रहा है। बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। श्रीबांकेबिहारी जी देर रात तक अपने भक्तों को दर्शन देंगे। आम दिनों से तीन घंटे अधिक समय तक ठाकुर जी का द्वार भक्तों के लिए खुलेगा। सुबह की सेवा में भक्तों ने ठाकुर जी के स्वर्ण रजत हिंडोले के दर्शन का लाभ लिया।

## श्रद्धालुओं का वाहन खाई में गिरा, 4 की मौत




बड़वानी,(एजेंसी)। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में श्रद्धालुओं से भरा वाहन एक खाई में जा गिरा। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, सुबह धार के तवलाई गांव से मन्नत पूरी होने पर नागलवाड़ी पहाड़ी पर भीलटदेव दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की वाहन पीछे खसकते हुए पहाड़ से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा तब हुआ, जब पहाड़ी पर चढ़ाई के दौरान अंधे मोड़ पर पिकअप के सामने बाइक आ गई और पिकअप चालक का वाहन पर से संतुलन बिगड़ गया। इसमें धार जिले के तहसील मनावर के ग्रामो के श्रद्धालु सवार थे, इस दुर्घटना में चार लोगो की मृत्यु हुई एवं 11 लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला चिकित्सालय बड़वानी लाकर भर्ती करवाया गया है। इस हादसे में टवलाई की 16 वर्षीय राजनंदनी जामन्या की 35 वर्षीय किरण सोलंकी, जामन्या का 20 वर्षीय दिलीप, टवलाई का 12 वर्षीय जतिन डावर की मौत हुई है, जबकि अन्य 11 घायल हुए हैं। कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक निमिष अग्रवाल ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर जहां घायलों को सांत्वना दी, वहीं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को समुचित उपचार निरूशुल्क कराने के भी निर्देश दिए। नागलवाड़ी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश यादव ने नागलवाड़ी समिति के माध्यम से दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को पांच–पांच हजार रुपये व घायलों को दो–दो हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है।

## हिमाचल के किन्नौर में बड़ा हादसा

# भूस्खलन में दबे 60 लोग

### मदद को पहुंच रहीं सेना और एनडीआरएफ की टीमें

**किन्नौर में पिछले महीने भी हुआ था भूस्खलन**

25 जुलाई को किन्नौर में भूस्खलन के बाद पहाड़ी से चट्टानें इतनी तेजी से नीचे गिरीं कि बस्पा नदी का पुल टूट गया था। इस हादसे में 9 टूरिस्ट्स की मौत हो गई थी। मरने वालों में 4 राजस्थान के, 2 छत्तीसगढ़ के और एक–एक महाराष्ट्र और वेस्ट दिल्ली के थे। पर्यटक ट्रैवलर गाड़ी में छितकुल से सांगला की ओर जा रहे थे तभी बटसेरी के गुंसा के पास पुल पर चट्घ्टानें गिरने से पुल टूट गया और पर्यटकों की गाड़ी भी चपेट में आ गई थी।

### पहाड़ों से फिर गिरीं आफत की चट्टानें




किन्नौर,एजेन्सी। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में एक बार फिर से भूस्खलन की घटना से कोहराम मच गया है। बुधवार को हुए भयानक भूस्खलन में 50 से 60 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। डिप्टी कमिश्नर सादिक हुसैन ने इसकी जानकारी दी। विधानसभा सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश के सीएम जयराम ठाकुर ने भी घटना की पुष्टि की है। एक महीने से भी कम समय में किन्नौर में भूस्खलन की यह दूसरी बड़ी घटना है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि भूस्खलन के मलबे में 50 से 60 लोगों के दबने की आशंका है। बचाव अभियान के तहत अब तक बस के ड्राइवर और कंडक्टर समेत 4 लोगों को मलबे से निकाल लिया गया है। फिलहाल भारतीय सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं। अब भी थोड़ा बहुत भूस्खलन हो रहा है, लेकिन इस बीच बचाव अभियान जारी है। हादसे में बस के साथ ही अन्य पांच छोटे वाहन भी दबे होने की आशंका है। चट्टान खिसकने के बाद से ही नेशनल हाईवे नंबर 5 ब्लॉक है। यह हादसा बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास हुआ। मलबे में हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस के साथ ही एक ट्रक और एक गाड़ी भी दबी दिख रही है। बस के अलावा कुछ और गाड़ियां भी दबी हैं। मलबे को हटाने के लिए काम तेजी से किया जा रहा है लेकिन अभी भी चट्टानों से पत्थर और मिट्टी गिर रही है, जिसकी वजह से बचाव कार्य में रुकावट आ रही है। एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया है। इसके अलावा स्थानीय प्रशासन भी बचाव के काम में जुटा है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि मलबे के नीचे 50 से 60 यात्रियों से भरी एक हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस के साथ ही कई अन्य वाहन भी दबे हुए हैं। यह किन्नौर के रेकोंगे पेओ से शिमला की ओर जा रही थी। एनडीआरएफ के साथ ही स्थानीय बचाव टीमों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। सादिक हुसैन ने यह भी बताया कि अभी तक चट्टानों से बड़े–बड़े पत्थर गिर ही रहे हैं, जिसकी वजह से बचाव कार्य में बाधा आ रहा है।

### लोकसभा अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली,(एजेंसी)। लोकसभा अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो गई है। मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलने वाला था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 17वीं लोकसभा का 6वां सत्र आज सम्पन्न हुआ। इस सत्र में अपेक्षाओं के अनुरुप सदन का कामकाज नहीं हुआ। इसे लेकर मेरे मन में दुख है। मेरी कोशिश रहती है कि सदन में अधिकतम कामकाज हो, विधायी कार्य हो और जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो ।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में बाढ़ से पैदा हुई स्थिति का जायजा लिया



नयी दिल्ली,एजेन्सी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बाढ़ से पैदा हुई स्थिति पर स्थानीय प्रशासन से विस्तृत चर्चा कर जायजा लिया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया, ''प्रधानमंत्री ने वाराणसी प्रशासन से विस्तृत चर्चा की और बाढ़ से पैदा हुई स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।'' ज्ञात हो कि वाराणसी में गंगा और वरुणा नदियों में उफान से शहर के कई इलाकों में बाढ़ का पानी भर गया है।

## पराली को जैव खाद में बदलने के लिए किसानों को दिए गए कैप्सूल किट: तोमर

नई दिल्ली, (एजेन्सी)। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) द्वारा विकसित एक कम लागत वाला कैप्सूल पूसा डीकंपोजर टेक्नोलॉजी 25 राज्यों के किसानों को प्रदान किया गया है। वित्तवर्ष 2020–21 के दौरान 10,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कवर किया गया। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, 2020 के दौरान, उत्तर प्रदेश (3,700 हेक्टेयर), पंजाब (200 हेक्टेयर), दिल्ली (800 हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (510 हेक्टेयर), तेलंगाना (100 हेक्टेयर) की सरकारों को 5,730 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए पूसा डिकंपोजर प्रदान किया गया था। भारतीय उद्योग परिसंघ (100 हेक्टेयर) और गैर सरकारी संगठन और किसान (320 हेक्टेयर)। आईएआरआई ने पूसा डिकंपोजर के बड़े पैमाने पर गुणन और विपणन के लिए 12 कंपनियों को इस तकनीक का लाइसेंस दिया है। इसके अलावा, भाकृ अनुप–आईएआरआई ने किसानों के उपयोग के लिए अपनी सुविध ा से पूसा डिकंपोजर के लगभग 20,000 पैकेट का उत्पादन किया है। मंत्री ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के कई गांवों में किसानों के खेतों में धान के अवशेषों पर पूसा डिकंपोजर के इन–सीटू आवेदन का प्रदर्शन किया गया था, उन्होंने कहा कि किसानों के बीच जलाना नहीं, गलाना है का नारा प्रचारित किया गया है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश के प्रगतिशील किसानों के साथ–साथ पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना और हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू), हिसार के वैज्ञानिकों के लिए दिल्ली सरकार के सहयोग से दिल्ली में किसानों के खेतों का दौरा किया गया और पंजाब को पूसा डिकंपोजर का उपयोग करके ध ान की पराली के अपघटन का आकलन करने के लिए तोमर ने सदन को सूचित किया। इसके अलावा, ऑनलाइन बैठकों, वेबिनार, व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से किसानों के साथ नियमित संवाद सत्र आयोजित किए गए हैं ताकि उन्हें इस तकनीक के बारे में जागरूक किया जा सके और उन्हें पराली जलाने से रोका जा सके।

## गहलोत ने दी हरियाली तीज पर शुभकामनाएं

जयपुर,(एजेंसी)। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डा सतीश पूनियां तथा अन्य कई नेताओं ने हरियाली तीज की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर श्री मिश्र ने सोशल मीडिया के जरिए हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसी तरह श्री गहलोत ने श्रावणी तीज के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। डा जोशी ने सभी माताओं–बहनों को हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके श्रीमती राजे ने राजस्थानी संस्कृति, सभ्यता एवं इतिहास के प्रतीक पर्व हरियाली तीज की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए देश में चहुंओर सुख–समृद्धि एवं हरियाली की छटा बिखेरने वाला यह त्यौहार सभी के जीवन में प्रसन्नता लाएं तथा बाबा भोलेनाथ एवं मां पार्वती की कृपा हम सभी पर बनी रहने की कामना की। उन्होंने पुनीत पर्व हरियाली तीज को हरियाली का प्रतीक बताते हुए सभी से निवेदन किया कि इस सावन माह में अधिकाधिक वृक्षारोपण कर भारत भूमि को हरा–भरा बनाने में सहयोग करें। साथ ही अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं स्वस्थता बनाए रखने के लिए जागरूक करना चाहिए।

### त्रिपुरा में बीजेपी और टीएमसी में रार

## ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी समेत 6 टीएमसी नेताओं पर एफआईआर

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की जीत के बाद अब त्रिपुरा में बीजेपी और टीएमसी के बीच रार मची हुई है। हाल ही में हुई राजनीतिक हिंसा की घटनाओं को लेकर जारी आरोप–प्रत्यारोप के बीच त्रिपुरा पुलिस ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी समेत तृणमूल नेताओं डोला सेन, ब्रत्य बसु, कुणाल घोष, सुबल भौमिक और श्रीप्रकाश दास के खिलाफ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इन पर अतिरिक्त एसपी और एसडीपीओ खोवाई के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने और उनकी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने का आरोप है। प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार सुबह 14 तृणमूल नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद मंत्री ब्रत्य बसु और सांसद डोला सेन के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं का एक समूह खोवाई थाने पहुंचा। इसके तुरंत बाद ही अभिषेक बनर्जी भी थाने पहुंच गए। टीएमसी नेताओं ने एडिशनल एसपी और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। अब त्रिपुरा पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गौर हो कि पिछले दिनों टीएमसी के तीन युवा नेताओं, देबांग्शु भट्टाचार्य, सुदीप राहा और जया दत्ता पार्टी के काम से त्रिपुरा गए थे। इस दौरान रास्ते में रोककर इन लोगों पर हमला किया गया। युवा नेताओं ने आरोप लगाया कि उनकी कारों को अंबासा रोड पर रोका गया और हमला किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अगरतला के बाद धर्मनगर में गोलियां चलाई गईं और एक टीएमसी कार्यालय में तोडफोड़ की गई। इसके बाद त्रिपुरा पहुंचे अभिषेक बनर्जी को भी काले झंडे दिखाए गए। आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ता ने उनकी कार पर डंडे से हमला किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके बाद खोवई थाने पर प्रदर्शन कर रहे तृणमूल के 14 नेताओं और कार्यकर्ताओं को कोरोना नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# यूपी में 24 घंटे से आफत वाली बारिश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लखनऊ समेत 10 जिलों में मंगलवार पूरी रात बारिश हुई। कई जगह मौसम विभाग के अनुमान से दोगुनी बारिश दर्ज की गई। तेज हवा चलने से लखनऊ कैंट इलाके में कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। सड़क पर पेड़ गिरने से लखनऊ–वाराणसी हाईवे पर करीब आधा घंटे तक आवागमन बाधित रहा। लखनऊ में बारिश का सिलसिला बुधवार सुबह भी जारी है। ऐसा ही हाल कई अन्य जिलों का है। मौसम वैज्ञानिकों ने बीते 24 घंटे में प्रदेश में औसतन 9.1 मिमी बारिश की संभावना जताई थी। इससे दोगुना 18.6 मिमी बारिश हुई। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश 61.1 मिमी बस्ती में हुई। यहां 8.9 मिमी बारिश का अनुमान था। 20 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट आज यानी बुधवार को मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी के 20 जिलों में भारी बारिश के आसार जताए हैं। इस दौरान 50–55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। कुछ जिलों में गरज चमक के साथ बिजली भी गिर सकती है। इनमें गोरखपुर, वाराणसी, संतकबीरनगर, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, मऊ, बलिया, गोंडा, बस्ती, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कानपुर नगर, नोएडा, पीलीभीत, बरेली, मेरठ, हाथरस, झांसी जिले हैं। क्षेत्रीय मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि 14 अगस्त तक पूर्वी यूपी में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। 7 और जिलों में ऐसा है मौसम



वाराणसी में मंगलवार देर रात बारिश हुई। बुधवार सुबह बादल छाए हैं। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय के अनुसार बुधवार और गुरुवार को अच्छी बारिश की संभावना है। कानपुर में देर रात बारिश के बाद बुधवार सुबह बादल छाए हैं। फिलहाल, बारिश नहीं हो रही है। मूसलाधार बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। झांसी में बुधवार सुबह घने बादल छाए हैं। बारिश की संभावना है। तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस है। मुरादाबाद में मौसम एकदम साफ है। धूप निकली है। तापमान 28 डिग्री सेल्सियस है। बरेली में सुबह से ही तेज धूप खिली है। आसमान एक दम साफ है। तापमान करीब 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। सहारनपुर में बादलों की लुकाछिपी जारी है। जिस कारण गर्मी और उमस है। अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेरठ में सुबह से ही तेज धूप और गर्मी है। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस है।

## जन आशीर्वाद यात्रा के बहाने उत्तर प्रदेश खंगालेंगे आधा दर्जन नये मंत्री

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी एक साथ कई रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी का सबसे ज्यादा जोर जन संवाद पर है। इसी को देखते हुए जन आर्शिवाद यात्रा के जरिये बीजेपी ने बड़ा प्लान तैयार किया है। हाल ही में मोदी मंत्रिमंडल में जगह पाने वाले बीजेपी के 6 सांसदों को लेकर ये तैयारी की गई है। ये आधा दर्जन मंत्री अपनी यात्रा के जरिये पूरे प्रदेश को कवर करेंगे। दिल्ली से इस यात्रा का आगाज होगा, इसके लिए बीजेपी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ये 6 केंद्रीय मंत्री अपने समर्थकों के साथ जन आर्शिवाद यात्रा लेकर निकलने के साथ ही अपने–अपने समाज वाले इलाकों में संबोधन कार्यक्रम करेंगे। इस अभियान में अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल को छोड़कर केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए यूपी के 6 चेहरों को शामिल किया गया है। इन मंत्रियों में मोहनलालगंज से कौशल किशोर को पासी समाज के लोगों को लामबंद करने की जिम्मेदारी दी गयी है। बाकी केंद्रीय मंत्री भी अपने अपने जाति के लोगों के साथ संवाद करते हुए अपने क्षेत्र तक जन आर्शिवाद यात्रा निकालेंगे। अजय मिश्रा टेनी ब्राह्मणलखीमपुर, बीएल वर्मा बदायूं (लोध रूहेलखण्ड, एसपी बघेल धनगढ़ समाज बृज क्षेत्र आगरा, पंकज चौधरी महाराजगंज पूर्वांचल कुर्मी समाज, भानू प्रताप वर्मा कोरी जालौन को दिशा निर्देश मिल चुके हैं। उत्तर प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों से ताल्लुक रखने वाले यूपी के 6 मंत्री अपनी जन आर्शिवाद यात्रा के जरिये पूरे प्रदेश को कवर करेंगे। इनको अपनी सीट के अलावा अपने आस–पास की सीटों और जिलों को भी कवर करने के निर्देश दिये गये हैं। यह आशीर्वाद यात्रा के बहाने बीजेपी के पक्ष में 2022 के चुनाव के लिए माहौल तैयार करेंगे।

## डीएम व सीडीओ द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज व टोल प्लाजा का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

सुलतानपुर ।जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा मंगलवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे फेज 5, कलवारी बांध अखंडनगर में निर्माणाधीन रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज व टोल प्लाजा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि ससमय ब्रिज का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाए।

## डीएम व सीडीओ द्वारा अस्थायी गोवंश आश्रय डोमापुर, विकास खण्ड अखण्डनगर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

सुलतानपुर ।जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा मंगलवार को अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल डोमापुर, विकास खण्ड अखण्डनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित से गोवंशों के रख–रखाव व खान–पान का जायजा लेते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय कुल 54 गोवंश संरक्षित पाये गये, जिसमें 37 नर एवं 17 मादा हैं। डीएम ने पुराने शेड की मरम्मत कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी अखण्डनगर को निर्देशित किया। उन्होंने गोवंशों के खान–पान एवं साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा पशुचिकित्साधिकारी को दैनिक सत्यापनधनिरीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी अखण्डनगर, पशु चिकित्सा अधिकारी अखण्डनगर सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## सांसद विकास समिति के सदस्य रहे मोहित सिंह को बनाया गया भाजपा किसान मोर्चा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

सुलतानपुर ।भारतीय जनता पार्टी– काशी क्षेत्र किसान मोर्चा के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की घोषणा सोमवार को काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी ने की ।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि भाजपायुमों के पूर्व जिलाध्यक्ष व सांसद विकास समिति के सदस्य मोहित सिंह को भाजपा काशी क्षेत्र किसान मोर्चा का उपाध्यक्ष बनायें जाने पर पार्टीजनों ने प्रसन्नता जाहिर की है। कादीपुर के कटसारी गांव के निवासी पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष,सांसद विकास समिति सदस्य मोहित सिंह को भाजपा किसान मोर्चा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनायें जानें पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए.वर्मा ,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डा.एमपी. सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह ,करूणा शंकर द्विवेदी, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, डा.सीताशरण त्रिपाठी , विधायक राजेश गौतम , जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल वआनन्द द्विवेदी, जि. महामंत्री विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह व घनश्याम सिंह चौहान, शशीकांत पांडे,विजय सिंह रघुवंशी, राजेश सिंह, भाजपा नेता बाबी सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री महिला मोर्चा बबिता तिवारी,क्षेत्रीय मंत्री महिला मोर्चा कंचन कोरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष काली सहाय पाठक ,अरूण द्विवेदी, सुनील सोनी,भूपेन्द्र पाठक, ब्रह्मदेव सिंह, देवनारायण तिवारी, संजय कसौधन, रामकेश यादव व विक्की वर्मा आदि ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।

# दृष्टिहीन किशोरी ने पहचान ली रेपिस्ट की आवाज

लखनऊ,(यूएनएस)। पाप मुंडेर चढ़कर बोलता है ,यह कहावत ऐसे ही नहीं बनी होगी।



दृष्टिहीन किशोरी की आँखे नही तो क्या हुआ उसने रेपिस्ट को आवाज से पहचान लिया और रेपिस्ट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। चार साल पहले 16 साल की दिव्यांग किशोरी के साथ 20 साल के एक युवक ने रेप किया। पॉक्सो कोर्ट ने चार साल बाद उसे आजीवन कारावास की सजा और 52,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। युवक ने वारदात को 22 सितंबर 2017 को अमरोहा के धनोरा गांव में अंजाम दिया था। एक किसान की बेटी अपने रिश्तेदार के घर जा रही थी ।रास्ते में युवक ने किशोरी के साथ रेप किया। पुलिस के अनुसार, किशोरी के पड़ोसी राहुल सिंह ने उसे अप्रोच किया और रिश्तेदार के घर का रास्ता दिखाने के बहाने उसका हाथ पकड़ लिया। वह उसे गुमराह करके ट्यूबवेल के कमरे में ले गया और वहां उसका रेप किया ।इस दौरान लड़की चुप रही लेकिन उसने उसे उसकी आवाज से पहचान लिया। वह घर वापस आई और अपने माता–पिता को आपबीती सुनाई। उसके परिवार के सदस्यों ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन बाद में वह जमानत पर बाहर आ गया ।फैसले के बाद उसे दोबारा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। लोकअभियोजक बसंत सिंह ने मामले का ब्योरा देते हुए कहा, पिछले चार साल से मामले की सुनवाई चल रही थी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने रेपिस्ट को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

## एलडीए उपाध्यक्ष के समक्ष रखी गयी जानकीपुरम विस्तार की समस्यायें

लखनऊ,(यूएनएस)। जानकीपुरम विस्तार की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर लखनऊ जनविकास महासभा, उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधि मण्डल एलडीए उपाध्यक्ष से मिला और क्षेत्र की सस्याओं को तत्काल दूर करने के लिये ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुये एस0के0 बाजपेई के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने बताया कि बीते लगभग दो वर्षों से क्षेत्र का विकास ठप पड़ा हुआ है, हालात यहां तक पहुंच है कि क्षेत्र में जगह–जगह सड़कों पर गड्ढे हो चुके है, नियमित रूप पर कूड़े का निस्तारण नहीं हो रहा है एवं पार्कों के रखरखाव न होने के कारण अस्त व्यस्त पड़े हुये है। इसके साथ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी को प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व कर रहे एस0के0 बाजपेई ने यह भी बताया कि जल संस्थान द्वारा पाइप लाइन डालने के नाम पर खोदी गई।

# शिक्षक भर्ती की मांग कर रहे अभ्यर्थी पानी की टंकी पर चढ़े, पद बढ़ाने की मांग पर अड़े

लखनऊ,(यूएनएस)। शिक्षा विभाग में रिक्त सभी पदों की भर्ती किए जाने को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार को प्रदर्शन कम ड्रामा ज्यादा देखने को मिला। अभ्यर्थी एससीईआरटी कार्यालय स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए और दौरान नौकरी की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने अभ्यर्थियों को काफी समझाने का प्रयास किया, मगर उन्होंने किसी की एक न सुनी। सुबह 11 बजे शुरू हुआ प्रकरण दोपहर तक जारी रहा। इससे पहले मंगलवार को अभ्यर्थियों ने पहले शिक्षा निदेशालय का फिर भाजपा कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया था। मगर भाजपा कार्यालय के पास पहुंचने से पहले पुलिस ने उन्हें रोक लिया। विरोध के दौरान महिला अभ्यर्थी सड़क पर लेट गईं थी और नौकरी की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगीं थीं। अभ्यर्थियों का कहना था कि न्यायालय ने 1. 37 लाख पदों को दो भर्ती प्रक्रिया के तहत भरने का आदेश दिया था, ऐसे में शेष पद अगली भर्ती में क्यों? अभ्यर्थियों का यह भी कहना थ कि सरकार के अनुसार प्रदेश में करीब ढाई लाख पद खाली हैं, इनमें 22 हजार खाली पदों के अलावा भी तमाम पद ऐसे हैं जिन पर सरकार भर्ती कर सकती है। इसके अलावा बहुत से बीएड अभ्यर्थियों के पास यह अंतिम मौका था, क्योंकि उम्र के कारण बीएड के लिए 2011 के बाद कोई भर्ती प्राइमरी में नहीं आई। बहुत से अथ्यर्थी 15 वर्ष पूर्व पढ़ रहे थे, उनके शैक्षिक ज्ञान और मौजूदा समय में पढ़े अभ्यर्थियों के शैक्षिक ज्ञान में काफी असमानता है, ऐसे में सरकार द्वारा प्रक्रिया के तहत तीन अंक देना कमजोर एकेडमिक वालों को भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर देना। बता दें कि इससे पहले बेरोजगार युवक युवतियां काफी दिनों से राजधानी में जगह जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को इन्होंने शक्ति भवन के सामने प्रदर्शन किया। इससे पहले विधान भवन और भाजपा कार्यालय के आगे भी कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि जब तक सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं करेगी वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। इससे पहले ओबीसी और एसई वर्ग के लोगों ने पिछले दिनों शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी के घर का घेराव किया था। इसमें आरोप था कि 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के नियम को फॉलो नहीं किया गया है। इसमें छह लोगों का डेलीगेशन शिक्षा मंत्री से मिला भी था।

# भ्रष्टाचार की आवाज उठाने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर का ही तबादला

बांदा। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय में हुई नियुक्तियों में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं करने का आरोप लगाकर हाईकोर्ट तक याचिका दाखिल करने वाले षस्य विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर का तबादला महोबा कर दिया गया है। इस प्रकरण में राज्यसभा सदस्य विषंभर प्रसाद निषाद, विधायक बृजेष कुमार प्रजापति ने मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल तक पत्र भेजा था। विधायक ने तो नियुक्ति मामले क जांच के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय तक पत्र भेजा था। कृषि विष्वविद्यालय में वर्ष 2017 और 2020 में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के लिए विज्ञप्ति निकली थी। इनमें आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं करने के आरोप लगे थे। साथ ही वर्ष 2021 में जब नियुक्ति सूची सामन आई तो समें एक ही जाति के ज्यादा लोगों को भर्ती करने का आरोप लगा। इसके लिए जांच कमेटी गठित होने की भी बात सामने आई थी। असिस्टेंट प्रोफेसर ष्यामवीर सिंह के हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने के बाद मामला और तूल पकड़ गया था। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अलावा राज्य सभा सदस्य, विधायक को भी षिकायती पत्र दिया था। साथ ही बोर्ड सदस्य और पिछड़ा वर्ग आयोग तक षिकायत भेजी थी। यह मामला सुर्खियों में रहा और कुलपति डॉ. यूएस गौतम पर जमकर सवाल खड़े हुए थे। अब एक बार फिर असिस्टेंट प्रोफेसर एसवी सिंह का तबादला महोबा जिले के क्षेत्रीय षोधकेंद्र बेलाताल में किए जाने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया। वहीं, विवि के निदेषक प्रषासन डॉ. वीक सिंह का दावा है कि षिकायतों को गलत मानते हुए ही हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। असिस्टेंट प्रोफेसर का तबादला सामान्य प्रक्रिया के तहत किया गया है। महोबा में भी विवि का ही षोध केंद्र है। कुलपति पर लगत आरोप लगाए गए थे। यही वजह है कि अब तक सरकार या षासन की तरफ से इस मामले को लेकर कोई पत्र नहीं आया है। यह जरूर है कि मीडिया ट्रायल जमकर हुआ। विवि के चार षोध केंद्र है। जहां पर जरूरत के हिसाब से तबादला किया जाता है। यह भी उसी प्रक्रिया का एक हिस्सा है। नियुक्तियों में भ्रष्टाचार को लेकर कोई जांच अब तक नहीं चल रही है। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर को फोन मिलाया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# संक्षिप्त समाचार

## जनता दर्शन में जन समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी ने,दिए निस्तारण के आदेश

सुलतानपुर ।जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये जन सामान्य की कोविड –19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओंधशिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुन कर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया । जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन सहित जनता दर्शन में आये आम जन उपस्थित रहे।

## सुनसान जगह पर मिल नवजात,मौत

लम्भुआ,सुल्तानपुर ।पेट्रोल पंप के पास लावारिश शिशु मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शिशु को अस्पताल ले गयी। डॉक्टरों ने शिशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। देहात कोतवाली के हनुमानगंज रिलायंस पेट्रोल पंप के पास की घटना बताई जा रही है।

## सुलतानपुर सहित 20 जिलों में भारी बारिश का अनुमान, रहें अलर्ट

सुल्तानपुरध्लखनऊ। बुधवार को मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी के 20 जिलों में भारी बारिश के आसार जताए हैं। इस दौरान 50–55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। कुछ जिलों में गरज चमक के साथ बिजली भी गिर सकती है। इन जनपदों में गोरखपुर, वाराणसी, संतकबीरनगर, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, मऊ, बलिया, गोंडा, बस्ती, सीतापुर, सुलतानपुर, प्रयागराज, कानपुर नगर, नोएडा, पीलीभीत, बरेली, मेरठ, हाथरस, झांसी जिले हैं। जहां मौसम की स्थित का अनुमान लगाया गया है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि 14 अगस्त तक पूर्वी यूपी में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान बताया जा रहा है।

## तेज बारिश ने तोड़ी, दिहाड़ी मजदूर परिवार की खुशियों का महल

सुल्तानपुर, दुबेपुर। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा ओदरा निवासी कमरुद्दीन पुत्र नूर मोहम्मद का कच्चा मकान तेज हुई बारिश के कारण ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर ढह गया। जिसकी वजह से अब कमरुद्दीन अपने मासूम बच्चों के साथ इस बारिश और तेज हवाओं के मौसम में खुले आसमान के नीचे पन्नी और पल्लियों के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर हो गया है। दिहाड़ी मजदूर कमरुद्दीन का कहना है की मेरे इस गिरे कच्चे मकान के सिवा सर छुपाने के लिए और कोई दूसरा सहारा नही है। कमरुद्दीन की माली हालत खुद इन्हें इंदिरा आवास की पूरी हकदार मानती है पर इन्हें अब तक सरकार द्वारा दिये जाने वाले इंदिरा आवास सूची से क्यों वंचित रखा गया। यह ग्राम प्रधान और ग्राम सभा सचिव पर सवालिया निशान खड़े करते है।

## घर में साड़ी के फंदे से लटकती मिली युवक की लाश, जांच शुरू

सुलतानपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता युवक का शव मिला। घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटकता 25 वर्षीय युवक का शव मिला। रात में पत्नी शव को देखकर चिल्लाई तो आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुँची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ।घटना बीती रात की बताई जा रही है। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेलाही गांव का मामला है।

## सर्प दंश से बृजेश कुमार की हुई मौत,मचा कोहराम

कुड़वार,सुल्तानपुर ।स्थानीय कुड़वार थाना क्षेत्र के डोमनपुर गांव के रहने वाले बृजेश कुमार को सर्प दंश से मंगलवार को मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह दुकान खोलने गए युवक को विषैले सांप ने काट लिया। हालात गम्भीर देखते हुए परिजन युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कुड़वार थाना क्षेत्र के डोमनपुर निवासी बृजेश यादव (32)पुत्र गयादीन यादव गांव में किराना की दुकान चलाता था ।मंगलवार सुबह बृजेश दुकान खोलने गया ।दुकान खोलते ही किसी विषैले जानवर ने काट लिया ।कुछ देर में बृजेश की हालत बिगड़ने लगी। तब परिजन इलाज के लिए बृजेश को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया ।युवक की मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया ।मृतक अपने पिता के चार बेटों में सबसे बड़ा था ।मृतक के दो बच्चे अंजली 11वर्ष व वैभव 3वर्ष तथा पत्नी आशारानी है ।सभी का रो–रो कर बुरा हाल है।

## पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में सुनी जनसमस्याएं

सुल्तानपुर ।पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनी गयी और सम्बंधित को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। डॉ0 विपिन कुमार मिश्र पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में जनता की समस्याओं को सुना गया व उनके निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।

## मार्जिन मनी ऋण की बकाया धनराशि जमा करने पर ब्याज में छूट के लिये बढ़ी अवधि

सुलतानपुर ।जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास)धजिला प्रबन्धक उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 सुलतानपुर सुषमा वर्मा ने बताया कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 सुलतानपुर द्वारा संचालित स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान की समस्त योजनाओं में यथा– स्वतः रोजगार तथा अनुविनि योजना में जिन व्यक्तियों द्वारा ऋण प्राप्त किया गया है तथा ऋण की अदायगी निर्धारित अवधि नहीं की गयी है, उन्हें ''एक मुश्त'' बकाया धनराशि जमा करने पर दण्ड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज माफ करते हुये मूलधन व मूलधन पर साधारण ब्याज के अनुसार ही ऋण की धनराशि जमा कराने की सुविधा ''नवीन एकमुश्त'' योजनान्तर्गत (ओ0टी0एस0) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 लखनऊ के द्वारा 01 अगस्त से 31 अगस्त, 2021 तक बढ़ाई गयी है।

# बार्सिलोना छोड़ने के बाद फुटबॉलर लियोनेल मेसी बने इस क्लब का हिस्सा

दिल्ली। कुछ दिन पहले ही विश्व के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी (स्पवदमस डमेप) बार्सिलोना क्लब को छोड़ने की घोषणा की थी। इस टीम को छोड़ते हुए लियोनेल मेसी काफी भावुक हो गये थे। दो दिन पहले बार्सिलोना क्लब छोड़ते हुए लियोनेल मेसी ने कहा था कि ये एक सपने जैसा है। ऐसा लग रहा है कि मुझे मेरी अच्छी नींद से किसी ने ठंडे पानी की एक बाल्टी मेरे उपर डाल कर मुझे जगाया जा रहा है। ये मेरे बचपन की टीम है। मैं यहां बहुत सहज था। हालांकि 35 वर्षीय लियोनेल मेसी, बार्सिलोना छोड़ने के बाद मंगलवार को एक स्टार–स्टड पेरिस सेंट–जर्मेन में शामिल हो गए। मेसी ने तीसरे सीजन के विकल्प के साथ दो साल का अनुबंध किया है। पीएसजी ने मेसी के हवाले से कहा, मैं पेरिस सेंट–जर्मेन में अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। क्लब के बारे में सब कुछ मेरी फुटबॉल महत्वाकांक्षाओं से मेल खाता है। मुझे पता है कि टीम और कोचिंग स्टाफ कितने प्रतिभाशाली हैं। मैं क्लब और प्रशंसकों के लिए कुछ खास बनाने में मदद करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं, और मैं पिच पर कदम रखने के लिए उत्सुक हूं पार्स डेस प्रिंसेस। 672 गोल के साथ बार्सिलोना के रिकॉर्ड स्कोरर के आने से कतरी के स्वामित्व वाली पीएसजी की पहली बार प्रतिष्ठित और आकर्षक यूरोपीय चौंपियंस लीग जीतने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा मिलेगा। पीएसजी के अध्यक्ष नासिर अल–खेलाई ने कहा, ष्उन्होंने उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा जारी रखने और ट्राफियां जीतने की अपनी इच्छा का कोई रहस्य नहीं बनाया है, और स्वाभाविक रूप से एक



क्लब के रूप में हमारी महत्वाकांक्षा ऐसा ही करना है।ष बार्सिलोना छोड़ने के बाद मेसी किस क्लब को ज्वाइंन करेगें इस पर काफी चर्चा थी। कैटलन क्लब को लेकर अफवाह थी कि मेसी इस फुटबॉल क्लब को ज्वाइन कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री की उत्साहवर्धक बातों ने कांस्य पदक मुकाबले से पहले सकारात्मक ऊर्जा दी: मनप्रीत

*भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि ओलंपिक सेमीफाइनल में बेल्जियम से हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उत्साहवर्धक बातों का अद्भुत असर हुआ ।*



नयी दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि ओलंपिक सेमीफाइनल में बेल्जियम से हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उत्साहवर्धक बातों का अद्भुत असर हुआ जिसने खिलाड़ियों में सकारात्मक ऊर्जा पैदा की और टीम 41 साल बाद इन खेलों में पदक जीतने में सफल रही। विश्व चौंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेल्जियम से 2–5 से हारने के बाद मोदी ने मनप्रीत और मुख्य कोच ग्राहम रीड से बातचीत की और उन्हें सांत्वना दी, जिससे पूरी टीम प्रेरित हुई। मनप्रीत ने कहा कि प्रोत्साहन के उन शब्दों ने अद्भुत तरीके से काम किया भारतीय कप्तान ने कहा, '' सेमीफाइनल हारने के बाद हम सभी बहुत निराश थे, तभी कोच ने आकर कहा कि प्रधानमंत्री आप लोगों से बात करना चाहते हैं और जब उन्होंने बात की, तो उन्होंने कहा, 'आप सभी ने अच्छा खेला और निराश न हों, बस अपने खेल और अगले मैच पर ध्यान दें, देश को आप सभी पर गर्व है'।'' मनप्रीत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' इससे हमें सकारात्मक ऊर्जा मिली और फिर हमने खिलाड़ियों की बैठक की। हमने कहा कि हमें एक और मौका मिला है और अगर हम खाली हाथ लौटते हैं तो हमें जीवन भर यही पछतावा रहेगा।'' उन्होंने कहा, '' हमने अपने आप से कहा कि हमारे हाथ में 60 मिनट हैं और अगर हम इन 60 मिनटों में अपना सर्वश्रेष्ठ दें तो हम अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ देश लौट सकते हैं।'' भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओलंपिक में 41 साल के अंतराल के बाद हाल ही कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। भारत ने ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। उसने आखिरी पदक 1980 के मास्को खेलों (स्वर्ण) में जीता था। मनप्रीत ने कहा, '' बहुत अच्छा लग रहा है।

# ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करेगा ICC

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने के लिये अपनी तरफ से दावा पेश करेगा। आईसीसी पिछले कुछ समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिश कर रहा है तथा उसके इस दावे को दुनिया के सबसे धनी बोर्ड बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) का भी समर्थन हासिल है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल में इस पर अपनी राय स्पष्ट की थी। अपनी स्वायत्तता खत्म होने और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के हस्तक्षेप की आशंका को देखते हुए बीसीसआई इससे पहले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने को लेकर बहुत उत्साहित नहीं था लेकिन अब शाह ने आश्वासन दिया है कि यदि आईसीसी दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में जगह पाने में सफल रहता है तो भारत उसमें भाग लेगा। आईसीसी ने ओलंपिक कार्य समूह भी गठित किया है जो कि क्रिकेट को 2028 से ओलंपिक खेलों का हिस्सा बनाने की दिशा में काम करेगा।



आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बारक्ले ने बयान में कहा, ''हम सब एक इस दावे को लेकर एकमत हैं और हम ओलंपिक को क्रिकेट के भविष्य के रूप में देखते हैं। हमारे वैश्विक स्तर पर एक अरब से अधिक प्रशंसक हैं और इनमें लगभग 90 प्रतिशत क्रिकेट को ओलंपिक में देखना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट है कि क्रिकेट के पास मजबूत और जुनूनी प्रशंसकों का आधार है विशेषकर दक्षिण एशिया में जहां उसके 92 प्रतिशत प्रशंसक हैं। इसके अलावा अमेरिका में ही तीन करोड़ क्रिकेट प्रशंसक हैं। इन प्रशंसकों के लिये अपने नायकों को ओलंपिक पदक के लिये प्रतिस्पर्धा करते हुए देखना शानदार होगा। '' क्रिकेट को 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया था। अब बर्मिंघम में 2022 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट के रूप में इस खेल की वापसी होगी। बारक्ले ने हाल में समाप्त हुए तोक्यो ओलंपिक के आयोजकों को कोविड–19 महामारी के बावजूद खेलों का सफल आयोजन करने के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा, ''मैं आईसीसी की तरफ से आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति), तोक्यो 2020 के आयोजकों और जापान के लोगों को मुश्किल परिस्थितियों में भी अद्भुत खेलों के आयोजन के लिये बधाई देना चाहता हूं।'' बारक्ले ने कहा, ''यह देखना वास्तव में शानदार रहा कि खेल लोगों की भावनाओं पर हावी हो गये और हम भविष्य के खेलों में क्रिकेट की भागीदारी देखना पसंद करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करना शानदार होगा लेकिन हम जानते हैं कि ओलंपिक में जगह बनाना आसान नहीं है क्योंकि कई अन्य खेल भी ऐसा चाहते हैं। लेकिन हमें लगता है कि यह हमारे लिये अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने और यह दिखाने का सर्वश्रेष्ठ समय है कि क्रिकेट और ओलंपिक की भागीदारी कितनी शानदार हो सकती है।'' लॉस एंजिल्स खेलों की वेबसाइट के अनुसार आईओसी 2024 में यह तय करेगी कि 2028 के ओलंपिक में किन खेलों को शामिल किया जाना है।

# सेंसेक्स 152 अंक की तेजी के साथ नई ऊंचाई पर हुआ बंद

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 152 अंक की बढ़त के साथ रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी, भारती एयरटेल और इन्फोसिस में तेजी के साथ बाजार में मजबूती आयी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 151.81 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकार्ड 54,554.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 21.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,280.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में करीब चार प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में भारती एयरटेल का शेयर रहा। इसके अलावा, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी, कोटक बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, एनटीपीसी, आईटीसी और पावर ग्रिड में गिरावट रही। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी के अनुसार,''घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को जोरदार उतार चढ़ाव रहा। एनएसई नफ्टी रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद तेजी से नीचे आया। मुख्य रूप से धातु, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और रियल्टी शेयरों में बिकवाली दबाव से इसमें गिरावट आयी। उन्होंने कहा कि हालांकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को छोड़कर अन्य वित्तीय शेयरों से बाजार को समर्थन मिला और बड़ी गिरावट पर लगाम लगा। बाजार में अधिक उतार–चढ़ाव को देखते हुए निवेशकों ने आईटी कंपनियों जैसे शेयरों को तरजीह दी। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांगकांग और टोक्यो लाभ में रहें जबकि सियोल नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में मध्याह्न कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतररष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.03 प्रतिशत मजबूत होकर 69.75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# लाख खुले बाजार, पटरी पर नहीं लौटा हरियाली तीज का कारोबार

नई दिल्ली। कल हरियाली तीज मनाई जाएगी। इस दिन सुहागिन महिलाओं की तैयारी और साज–शृंगार देखते ही बनता है। कई महिलाएं अपने मायके जाती हैं। सहेलियों से मिलती हैं। झूले डालती हैं। पति की लंबी आयु के लिए व्रत भी रखती हैं। हालांकि, इनकी तैयारी से पहले बाजारों में भी तीज को लेकर खास तैयारियां होती हैं। मार्केट सजाए जाते थे। महिलाएं खरीदारी करती थीं। ब्यूटी पार्लर की बुकिंग होती है। कई तरह के ऑफर्स और डिस्काउंट्स होते थे। मगर, इस साल भी कोरोना महामारी का असर तीज के बाजार पर दिख रहा है। भले ही दिल्ली में कोविड–19 के केस घटे हैं। सरकार ने तमाम गतिविधियों को ढील दी है, लेकिन तीज से जुड़ी महिला कारोबारियों का कामकाज पहले की तरह पटरी पर नहीं लौटा है। ग्रीन पार्क में मेघना ब्यूटी पार्लर की ओनर और सैलून ओनर वेलफेयर असोसिएशन की प्रेजिडेंट कुसुम गोयल ने बताया कि कोरोना से पहले हरियाली तीज, रक्षा बंधान, करवाचौथ, दीपावली, भैया दूज और शादी–ब्याह के सीजन में बढ़िया काम चलता था। 10–15 दिनों तक फुर्सत नहीं मिलती थी। आज महामारी के दौर में तीज–त्योहार का पता ही नहीं चल रहा। बहुत ही साधारण ढंग से फेस्टिवल मनाए जा रहे हैं। सोवा की प्रेजिडेंट होने के नाते दिल्लीभर के सैलून संचालकों से बात होती है, कहीं भी पहले वाला कारोबार नहीं हो रहा है। वरना, किसी भी फेस्टिवल में हम अपने वर्कर्स की छुट्टियों पर पाबंदी लगाते थे। सैलून या ब्यूटी पार्लर में 50 प्रतिशत काम आएगा, तब जाकर खर्चा निकलता है। काम नहीं होने की वजह से ग्राहकों को फेस्टिवल डिस्काउंट्स भी सैलून या ब्यूटी पार्लर वाले नहीं दे पा रहे हैं। अलाप्स बूटिक की लवली जैन का कहना है कि कोई भी त्योहार आता है, तो अपने साथ उमंग लेकर आता है। लेकिन कोरोना ने सारे उमंग पर ग्रहण लगा रखा है। ग्राहकों में अब भी कोविड को लेकर डर है। महामारी की दूसरी लहर में काफी जान गई हैं। अब तीसरी लहर का भी अंदेशा लगाया जा रहा है। किसी भी फेस्टिवल से आस होती है। तीज से भी है। धीरे–धीरे काम को आगे बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। किसी तरह 50 प्रतिशत काम हो जाए, तो भी ठीक समझेंगे। हमारा बुटिक का काम काम है। पिछले सालों में तीज से पहले रोजाना 20 से 25 बड़े ग्राहक आते थे। अब इनकी संख्या घटकर 10–12 हो गई है। मजबूरी में हमें भी अपने स्टाफ को कम किया है। खर्च निकाल पाना मुश्किल हो रहा है। गांधी नगर, चांदनी चौक और शांति मोहल्ला में भी काम नहीं है। ऊपर से प्रशासन द्वारा कोविड नियमों का पालन नहीं करने पर बाजारों को बंद कराने से भी मार्केट में दहशत है। ग्राहक घरों से नहीं निकल रहे। सीटीआई वुमन काउंसिल की कंवेनर जसविंदर कौर का कहना है कि तीज के अवसर पर जगह–जगह फेस्टिवल होते हैं। इसमें महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। बीते दिनों चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने भी तीज मेले का आयोजन किया। इसमें दिल्लीभर की महिला कारोबारियों ने हिस्सा लिया। कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए फेस्टिवल आयोजित किया। इसमें छोटी सी एग्जिबिशन भी लगाई। खाने–पीने और डांस का भी प्रोग्राम था। कार्यक्रम में आने वाले गेस्ट्स का अच्छा रेस्पॉन्स देखने को मिला। उम्मीद है कि आने वाले समय में कामकाज तेज हाटे–छोटे स्तर पर ही कारोबारियों को बिजनेस का मौका मिलेगा, तो सेल होनी शुरू हो जाएगी। वरना, अभी तक लोग बाजारों में जाने से परहेज कर रहे हैं। बहुत जरूरी होने पर मार्केट में निकलकर खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारी भी कोविड नियमों को मानेंगे, तो बीमारी पर अंकुश लगेगा। दिल्ली में अब कोरोना संक्रमण दर कम हुई है। पिछले साल तो वर्चुअली प्रोग्राम हुआ था।

## संक्षिप्त




### दुनिया की नंबर 1 रेसलर विनेश फोगाट को WFI ने अनुशासनहीनता के लिए किया निलंबित

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने टोक्यो ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट के व्यवहार को लेकर उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। महासंघ को अब पहलवान के जवाब का इंतजार है और उसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार विनेश फोगाट का अस्थायी निलंबन हुआ है और उनके जवाब की प्रतीक्षा है जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वह किसी भी राष्ट्रीय और घरेलू रेसलिंग इवेंट में तबतक हिस्सा नहीं ले सकती जब तक कि वह उनपर लगाए आरोपों का फेडरेशन को जवाब नहीं दे देती। अनुशासनहीनता के लगे आरोप सूत्रों ने एएनआई को बताया कि कोच वोलेर एकोस के साथ हंगरी में ट्रेनिंग कर रही विनेश वहां से सीधे टोक्यो पहुंची थीं, जहां उसने खेल गांव में रहने और भारतीय टीम के अन्य सदस्यों के साथ ट्रेनिंग करने से इनकार कर दिया था। विनेश ने भारतीय दल के आधिकारिक प्रायोजकों शिव नरेश की जर्सी भी नहीं पहना था। मुकाबलों के दौरान वह नाइक की जर्सी पहनकर उतरी थीं क्वार्टर फाइनल में मिली थी हार विनेश फोगाट टोक्यो ओलिंपिक में मेडल की बड़ी दावेदार मानी जा रही थी लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा. वह क्वार्टरफाइनल में ही बाहर हो गई थी। दुनिया की नंबर 1 पहलवान विनेश फोगाट को महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार मिली थी। विनेश को बेलारूस की पहलवान वैनेसा कलाडजिंस्काया ने शिकस्त दी थी।

### भारत एटीएम की 2022 के अंत तक 20 लाख नये सेवा केन्द्र जोड़ने की योजना

नयी दिल्ली। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवायें उपलब्ध कराने वाली कंपनी भारत एटीएम की योजना अगले साल के अंत तक अपने साथ 20 लाख नये सेवा केन्द्रों को जोड़ने की है। यह कंपनी छोटे दुकानदारों और ग्राहकों को अपनी बैंकिंग ऐप के जरिये बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराती है। अभी भारत एटीएम के मंच से 14,645 पिनकोड पर 4.5 लाख छोटे दुकानदार जुड़े हैं। भारत एटीएम ने बयान में कहा कि कंपनी ने 20 लाख खुदरा ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा किया है। बयान में कहा गया है कि यह ऐप बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराती है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खाता खोलने की सुविधा के साथ जमा, पैसा भेजने और नकदी निकासी की सुविधा मिलती है। इसके तहत कंपनी स्थानीय किराना दुकानदारों से गठजोड़ करती है। इससे ग्राहकों का नजदीकी बैंक शाखा या एटीएम जाने का समय बचता है। यह ऐप खुदरा ग्राहकों को अपने पास पड़ोस के दुकानदार के पास बैंक खाता खोलने की सुविधा देती है। इसके लिए ग्राहकों को सिर्फ आधार और पैन कार्ड उपलब्ध कराना पड़ता है और केवाईसी को पूरा करना पड़ता है। बयान में कहा गया है कि अभी तक भारत एटीएम ने 20 लाख से अधिक ग्राहकों को उनके घर के दरवाजे या स्थानीय किराना स्टोर पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। कंपनी के संस्थापक राम श्रीराम ने कहा, ''2022 के अंत तक हम करीब 20 लाख खुदरा स्टोरों को अपने साथ जोड़ने की योजना बना रहे हैं। कंपनी निजी बैंक के प्रापरिएटरी लाइसेंस का इस्तेमाल करती है। उसके देशभर में 3.5 लाख से अधिक नेटवर्क केन्द्र हैं और कार्ड इस्तेमाल के लिये 20 हजार से अधिक वायरलेस एटीएम हैं।

### हिंदुजा ग्लोबल अपना स्वास्थ्य सेवा कारोबार बीपीईए को बेचेगी

नयी दिल्ली। हिंदुजा समूह की बिजनेस प्रोसेस प्रबंधन इकाई हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लि. (एचजीएस) अपने स्वास्थ्य सेवा कारोबार को बेरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया (बीपीईए) से संबंद्ध कोषों को बेचेगी। यह सौदा 1.2 अरब डॉलर के उपक्रम मूल्य पर आधारित होगा। एचजीएस ने शेयर बाजारों को सोमवार देर शाम भेजी सूचना में कहा है कि बीपीईए के साथ यह सौदा 120 करोड़ डॉलर के उपक्रम मूल्य पर आधारित है। शेयरधारकों और अन्य नियामकीय मंजूरियां हासिल करने के बाद हमें यह सौदा 90 दिन में पूरा होने की उम्मीद है। सौदा पूरा होने के बाद एचजीएस स्वास्थ्य सेवा कारोबार से संबंधित अपने ग्राहकों के सभी अनुबंध, कर्मचारी और संपत्तियां हस्तांतरित करेगी। कंपनी के स्वास्थ्य सेवा कारोबार के 20,000 से अधिक कर्मचारी हैं। ये कर्मचारी चार देशों... भारत, फिलिपीन, अमेरिका तथा जमैका में कार्यरत हैं। बीते वित्त वर्ष में कंपनी का कारोबार करीब 40 करोड़ डॉलर रहा था। जून, 2021 को समाप्त तिमाही में एचजीएस का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 117 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 25.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,550.5 करोड़ रुपये रही। एचजीएस के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पार्थ डेसरकार ने कहा, ''हम इस बिक्री सौदे से हासिल राशि का इस्तेमाल रणनीतिक तरीके से संगठन की भविष्य की वृद्धि में करेंगे।'' डेसरकार ने कहा कि कंपनी आक्रामक तरीके से अपने सीईएस और डिजिटल कारोबार के विस्तार के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने कहा, ''हमारी भविष्य की रणनीति तीन ए.... विश्लेषण, कृत्रिम मेधा (एआई) तथा ऑटोमेशन पर केंद्रित रहेगी।''

### कंटेनरों की ऊंची लागत से देश का निर्यात प्रभावित : टीपीसीआई

नयी दिल्ली। कंटेनर भाड़े में लगातार बढ़ोतरी से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में घरेलू उत्पादों की कुल लागत बढ़ रही है। भारतीय व्यापार संवर्द्धन परिषद (टीपीसीआई) ने मंगलवार को यह बात कही। टीपीसीआई ने कहा कि इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता कम हो रही और वस्तुओं का निर्यात प्रभावित हो रहा है। टीपीसीआई ने कहा कि सभी सेवाप्रदाताओं की कंटेनर ढुलाई की हाजिर दरें नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई हैं। परिषद ने बयान में कहा, ''उद्योग इस स्थिति को लेकर चिंतित है। यदि यही स्थिति बनी रहती है।

## सम्पादकीय........

# दागी राजनेताओं के गठ़जोड़ पर सुर्प्रीम कोड़ा

देश की शीर्ष अदालत कई बार ऐसे फैसले लेती है जिसका इतिहास दर्ज हो जाता है। ताजा फैसला इसी बॉत का प्रमाण है। राजनीति का अपराधीकरण जगजाहिर है। साफ सुथरे और पार्टी विद द डिफरेस का दावा करने वाले दल भी इससे मुक्त नही है।हिन्दुस्तान में ऐसे तमाम उदाहरण पड़े है कि तमाम राजनेताओं के दागदार दामन को उनकी पार्टी ने सत्ता सम्हालते ही पवित्र कर दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का यह ताजा फैसला ऐसी पार्टियों और सरकारों के हाथ में हथकड़ी से कम नही है। हमारे विधायी सदनों में बैठे कुछ माननीयों के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला नैसर्गिक न्याय के अनुरूप तो है ही, उम्मीद है, राजनीति और अपराध के गठजोड़ की चूलें भी इससे हिलेंगी। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक दागियों के मामले हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर वापस नहीं होंगे।उम्मीदवारों के आपराधिक मामले 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक करने होंगे। दलों को आपराधिक उम्मीदवार होम पेज पर अलग से दर्शाना होगा।चुनाव आयोग मोबाइल एप तैयार कर प्रचार–प्रसार–जागरूकता पर जोर दे। यानि सुप्रीम कोटे ने साफ कर दिया है कि हाईकोर्ट की इजाजत के बिना राज्य सरकारें सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे वापस नहीं ले सकतीं। प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पीठ ने न्याय–मित्र विजय हंसारिया की रिपोर्ट के आलोक में यह फैसला सुनाया है। ऐसी तमाम जानकारियॉ समाने आ रही थी कि कुछ राज्यों की सरकारें अपने दल के सांसदों–विधायकों के खिलाफ कायम ऐसे मामले वापस लेने की कोशिश में जुटी हैं। इस मामले में शीर्ष अदालत की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल से कहा है कि वे अपने–अपने अधिकार क्षेत्र के ऐसे तमाम मामले फौरन संबंधित हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के संज्ञान में लाने के निर्देश दिये है। इसका राजनीति के क्षेत्र में कितना असर पड़ेगा यह समय ही बतायेगा। वैसे भी हिन्दुस्तान में कोई भी ऐसा राजनैतिक दल नही जिसमें अपराधी नेता की उपस्थिति दर्ज न हो। वैसे तो भारत में दशकों से राजनीति को अपराध मुक्त बनाने को लेकर विमर्श जारी है।एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक, मौजूदा लोकसभा में ही 43 प्रतिशत सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। बढ़ते जन–दबावों और न्यायिक सख्ती को देखते हुए कुछ कानून भी बने। सजायाफ्ता लोगों को चुनावी राजनीति से तय अवधि के लिए बाहर करने के विधान ने कुछ सांसदों–विधायकों पर सत्ता–सदनों के पट बंद भी किए। लेकिन राजनीतिक दलों के चरित्र में इससे कोई गुणात्मक बदलाव नहीं आया। उल्टे कुरसी से वंचित हुए चंद जन–प्रतिनिधियों के मुकाबले संसद और विधानसभाओं में दागी लोगों की आमद पहले से बढ़ गई। यह कोई सुखद तस्वीर नहीं है और इसके लिए किसी एक पार्टी या नेता को दोषी ठहराया नहीं जा सकता। तमाम राजनीतिक दलों ने अपनी कथनी और करनी के फर्क से इस समस्या को गंभीर बनाया है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अब इस गंदगी को साफ करने के लिए कठोर निर्णय लिया है।

## आज का राशिफल

मेष :– भावुवता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधित कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। आलस्य को त्यागें।

बृषभ :– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

मिथुन :– संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

कर्क :– नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

सिंह :– कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख–सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त–मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

कन्या :– थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी–बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

तुला :– प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। आलस्य का त्याग करें।

वृश्चिक :– किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। परिश्रम से लाभ का के योग है।

धनु :– नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में मन असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

मकर :– काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। रोजगार में अपनी क्षमता का पूरा लाभ मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा। घर में मेहमान के आगमन से व्यय होगा।

कुंभ :– अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही न बरतें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

मीन :– कर्जदारों से मन परेशान रहेगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

# सामुद्रिक सुरक्षा की बेहतरी जरूरी

**अनिल त्रिगुणायत**

*वे इस मसले की गंभीरता का संज्ञान ले रहे हैं. रही बात चीन और पाकिस्तान की, तो उनका अलग तरह का रवैया है. बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने जो बातें कहीं है, वे भारत पहले से कहता रहा है. उनका इरादा कतई यह नहीं था कि वे किसी देश के ऊपर दोषारोपण करें या रणनीतिक तौर पर किसी को निशाना बनाएं. साल 2018 में जब हिंद–प्रशांत क्षेत्र के संबंध में बातचीत हुई थी, तब भी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में जो भारत की रणनीति है, वह किसी एक देश के खिलाफ नहीं है. अमेरिका भले ही उसे चीन को नियंत्रित करने के प्रयास के रूप में मानता हो, लेकिन भारत के हिसाब से वह प्रयास चीन या किसी अन्य देश के विरुद्ध नहीं है।*

यह पहला अवसर है, जब भारतीय प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की है. बरसों पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता विजयलक्ष्मी पंडित ने की थी, पर वे प्रधानमंत्री नहीं थीं. यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस बैठक की अध्यक्षता की है, उसके दो अहम पहलू हैं. पहला, किस तरह से सामुद्रिक सुरक्षा को बढ़ावा दिया जाए और दूसरा, किस तरह से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाया जाए. प्रधानमंत्री मोदी ने सहकार आधारित सहभागिता की बात कही है. सामुद्रिक सुरक्षा के संबंध में पहले भी कई बार चर्चा हुई है और अनेक नियम भी निर्धारित किये गये हैं. साल 1982 में सामुद्रिक नियमों के बारे में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन हुआ. उसके बाद 1988 में नियम बनाये गये और 2005 में कुछ प्रोटोकॉल तय हुए, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इस मसले की अहमियत बहुत बढ़ गयी है.हम देख रहे हैं कि साउथ चाइना सी में क्या चल रहा है, हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियां हैं, समुद्री लुटेरे बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं. हमने समुद्री लुटेरों को रोकने के लिए दो विशेष जहाज रखे हैं, जो व्यापारिक जहाजों के आवागमन में सुरक्षा प्रदान करते हैं. भले ही तकनीक और आवागमन के साधन बढ़ गये हैं, पर गैस, तेल, विभिन्न प्रकार की वस्तुओं आदि की आवाजाही आज भी मुख्य रूप से समुद्री मार्गों के जरिये ही होती है. इसमें किसी तरह की बाधा को दूर करने के लिए बहुत जरूरी है कि सभी देश साथ मिल कर काम करें. जहां तक भू–राजनीति का प्रश्न है, वह तो चलती रहेगी, लेकिन नियमों का पालन सही ढंग से हो, यह आवश्यक है. सुरक्षा परिषद की इस बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए. वियतनाम के शासन प्रमुख भी थे और अमेरिकी विदेश सचिव भी उपस्थित थे. इसका संकेत यह है कि जो भी बड़े राष्ट्र हैं, वे इस मसले की गंभीरता का संज्ञान ले रहे हैं. रही बात चीन और पाकिस्तान की, तो उनका अलग तरह का रवैया है. बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने जो बातें कहीं है, वे भारत पहले से कहता रहा है. उनका इरादा कतई यह नहीं था कि वे किसी देश के ऊपर दोषारोपण करें या रणनीतिक तौर पर किसी को निशाना बनाएं. साल 2018 में जब हिंद–प्रशांत क्षेत्र के संबंध में बातचीत हुई थी, तब भी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में जो भारत की रणनीति है, वह किसी एक देश के खिलाफ नहीं है. अमेरिका भले ही उसे चीन को नियंत्रित करने के प्रयास के रूप में मानता हो, लेकिन भारत के हिसाब से वह प्रयास चीन या किसी अन्य देश के विरुद्ध नहीं है.उन्होंने स्पष्ट रूप से अपने संबोधन में कहा है कि एक सर्वमान्य नियम आधारित व्यवस्था होनी चाहिए और सभी देशों की सामुद्रिक सीमाओं का सम्मान होना चाहिए. जो नियम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत हुए हैं, उनका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए. अमेरिका ने 1982 के कन्वेंशन पर हस्ताक्षर नहीं किया है, लेकिन वह भी उसे अंतरराष्ट्रीय कानून मानता है. नियमों को मानने से ही देशों के बीच विवादों का निपटारा हो सकता है. प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में एक बड़ी अहम बात दुनिया के सामने रखी कि जो हमारे सामुद्रिक विवाद दूसरे देशों के साथ थे, उन्हें हमने बड़े सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया है. इसलिए सहकार आधारित व्यवस्था की जरूरत बढ़ जाती है.आज के जमाने में समुद्री डाकू और आतंकवादी गिरोह भी सामुद्रिक मार्गों का इस्तेमाल करते हैं. इनकी चुनौतियों से निबटना भी सभी देशों की सामूहिक जिम्मेदारी है, खासकर उन देशों की, जिनके पास सामुद्रिक सीमाएं हैं. भारत बहुत पहले से अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ इन समस्याओं के समाधान की कोशिश में लगा हुआ है. आज की विश्व व्यवस्था में एक ठोस सामुद्रिक सुरक्षा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है ताकि तनाव और संघर्ष का रास्ता अपनाने की बजाय बातचीत से विवादों का शांतिपूर्ण हल निकाला जा सके. साल 2015 में भारत ने 'सागर' पहल की बात की थी. इसका उद्देश्य है– क्षेत्र में सभी के लिए वृद्धि और सुरक्षा. इसे प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा परिषद में उल्लिखित किया है. हमारा लक्ष्य है कि सभी देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर हों. पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन में भी भारत ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए सात बिंदुओं का उल्लेख किया था. समुद्र के भीतर व्यापक संपत्ति है. उसे निकालने के लिए सभी देशों को आपसी सहयोग करना होगा अन्यथा व्यर्थ के विवाद उत्पन्न होंगे, जो संघर्षों का कारण बन सकते हैं.इससे जलवायु परिवर्तन से पैदा हो रही स्थितियों से निपटने और सामुद्रिक पारिस्थितिकी के संतुलन को बनाये रखने के मसले भी जुड़े हुए हैं. इस संबंध में भारत ने अपने स्तर पर भी कोशिशें की हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठाया है. मेरे कहने का मतलब यह है कि जो बातें हुई हैं, वे अचानक से नहीं आयी हैं, बल्कि भारत इन मामलों पर हमेशा से प्रतिबद्ध रहा है. आठवीं बार भारत को सुरक्षा परिषद में यह अवसर मिला है. इस संस्था में जब भी हम अस्थायी सदस्य के रूप में या अध्यक्ष के तौर पर आये हैं, हमने वैश्विक मामलों को सौहार्दपूर्ण परस्पर संवाद से सुलझाने में सक्रिय योगदान दिया है. भारत ने सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों के साथ मिल कर संयुक्त राष्ट्र में बदलती स्थितियों के अनुसार सुधार करने के प्रयासों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है. जबसे संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई है, तब से भारत ने उसे अपना पूरा सहयोग दिया है.शांति सेना में हम सबसे अधिक योगदान करनेवाले देशों में शामिल रहे हैं. इस नाते इस मसले में भी हमारी रुचि है. कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर इस विषय पर होनेवाली सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. उसमें शांति सेना को अधिक प्रभावी बनाने के साथ शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार–विमर्श होगा. एक और महत्वपूर्ण बैठक आतंकवाद की रोकथाम को लेकर होगी.भारत समेत समूची दुनिया इस समस्या से परेशान है और इस पर भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गंभीरता से पहल करना होगा. शक्तिशाली संस्था होने के नाते सुरक्षा परिषद की निश्चित रूप से बड़ी भूमिका है. इन मुद्दों के अलावा अफगानिस्तान की स्थिति, पर्यावरण संरक्षण, हिंसा आदि के प्रश्न भी हैं. भारत ने इन मुद्दों को उठाया है. भारत ने पहले फिलीस्तीन के मसले पर भी सकारात्मक भूमिका निभायी है. पीएम मोदी के संबोधन और भारतीय प्रतिनिधियों द्वारा समय–समय पर उठाये गये मुद्दों से स्पष्ट है कि भारत एक जिम्मेदार देश है और वैश्विक समुदाय भी उसे इसी नजर से देखता है।



# उत्तर प्रदेश में सत्ता के लिए दलितों की चौखट पर नाक रगड़ती भाजपा

**दीपक पाचपोर**

वर्ष 2022 के प्रारंभ में होने जा रहे उत्तर प्रदेश के चुनाव जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जय अंबेडकर का नारा देकर यह साबित कर दिया है कि वह सत्ता पाने के लिए किसी भी तरह के उपाय अपनाने के लिए तत्पर है और इस प्रक्रिया में उसे अपना स्तर चाहे जितना गिराना पड़े, उसे कोई गुरेज नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिन के उप्र के दौरे पर थे। उन्होंने राज्य इकाई के पदाधिकारियों के साथ मिलकर जो रणनीति अपनाई है उसके अनुसार पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जय अंबेडकर का नारा बुलंद करेंगे। एक ओर इस नारे के जरिये वे बहुजन समाज पार्टी के शजय भीमश के नारे का जवाब देंगे तो वहीं दलितों के वोट बैंक पर सेंध मारने की कोशिश करेंगे। लखनऊ और आगरा में लोगों से मिलने के बाद नड्डा को यह स्पष्ट आभास हो गया कि जिस तरीके से भाजपा के अनेक वोट बैंक खिसक गये हैं, वहीं मुस्लिम व दलित उनकी पार्टी से बेहद नाराज हैं। आदित्यनाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में जो दुर्गति समाज के इस सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों की हुई है, वैसी उनकी शायद ही कभी हुई हो। यह तथ्य भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के सामने हमेशा से सामने रहा है लेकिन उसे रोकने की कभी कोशिश न पार्टी ने की और न ही भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने। सवाल यह है कि क्या राज्य के असंख्य दलित अपने उत्पीड़न को भूलकर सत्तारुढ़ पार्टी को वापसी के लिए समर्थन देंगे या उसे नकारकर सबक सिखाएंगे? आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां एक ओर भाजपा सरकार ने पिछले करीब साढ़े चार वर्षों में प्रशासकीय असफलता के अनेक कीर्तिमान रचे हैं, वहीं कई वर्गों के प्रति नफरत और हिंसा का वातावरण भी बनाया है। योगी जब मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने विकास के कई दावे किये थे लेकिन इस दौरान न तो राज्य में बेरोजगारों की संख्या कम हुई और न ही विकास के कोई खास काम हो सके। पूरे समय सांप्रदायिक एवं जातीय मतभेदों में उलझी सरकार के लिए संभव भी नहीं था कि वह आर्थिक सुधार कर लोगों के जीवन स्तर को उठा सके। कोविड–19 ने जिन राज्यों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया, उनमें उप्र सर्वोपरि रहा। यहां बड़ी संख्या में कोरोना से लोगों की मौतें हुईं। पहले तो बड़ी संख्या में उन श्रमिकों की कष्टप्रद परिस्थितियों में राज्य की ओर वापसी हुई, जो बाहरी प्रदेशों में काम करते हैं। भूखे–प्यासे ये लोग सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर यहां लौटे थे। उनके लिए न तो परिवहन के साधन उपलब्ध कराए गए और न ही भोजन–पानी का इंतजाम किया गया। उल्टे, प्रदेश में कहीं उन पर बल प्रयोग हुआ, तो कहीं उन्हें भूखा–प्यासा रोककर रखा गया। उन पर खतरनाक रसायनों का छिड़काव तक किया गया। कोरोना की दूसरी लहर तो और भी बड़ा कहर लेकर आई। नदियों में डूबती–उफनती लाशें, तटों पर रेत के नीचे दबे शव दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गये। राज्य सरकार व्यवस्था को सुधारने की बजाय ऐसी सूचनाएं और खबरें छापने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने में अधिक रुचि दिखाई। इसी कोरोना महामारी के दौरान राज्य सरकार में अपने यहां पंचायत चुनाव भी कराये जिसके दौरान निर्वाचन संबंधी ड्यूटी बजाते हुए कई कर्मचारियों की मौतें भी हुईं। इसके लिए हाईकोर्ट की ताकीद के बाद भी कई जिलों में लॉकडाउन हटा दिया गया। मरने वालों में अनेक साधनविहीन तबकों के थे। प्रदेश के मुस्लिम और दलित वर्गों को राज्य समर्थित घृणा एवं हिंसा के दंश सहने पड़े हैं। यह कार्यकाल ऐसे उदाहरणों से अटा पड़ा है। असली बात तो यह है कि योगी की जीत मुस्लिमों के प्रति फैलाए द्वेष के बल पर ही हुई थी। शमशान के मुकाबले कब्रिस्तान, नये नागरिकता कानून में शामिल लोगों की प्रताड़ना, डॉ. कफील जैसे मामले सामने आये थे। एक तरह से वहां की सरकार को हिन्दुओं की सरकार बतलाया जाता रहा है। अल्पसंख्यकों के विरूद्ध अनेक तरह के आपराधिक मामले दर्ज किये गये जिनके बारे में स्पष्ट था कि वे विद्वेष के कारण दर्ज हुए। पहले नागरिकता कानून का विरोध करने वाले लोगों पर राज्य सरकार की गाज गिरी तो वहीं बाद में अल्पसंख्यक समाज के कई लोगों को प्रताड़ित किया गया। गोकशी या गोमांस के मामलों में कई बेकसूर मारे गये। इस राज्य के लव जिहाद या जबरन धार्मिक नारे के भी कई प्रकरण पिछले साढ़े चार वर्षों में चर्चा का विषय बने हैं। इसके साथ ही सरकार का वर्णवादी चेहरा भी खुलकर सामने आया है। ऊंची जाति वाले वर्गों के हाथों निचली जाति के लोग बेतरह प्रताड़ित हुए। अनेक दलितों के साथ मारपीट, बलात्कार, उनकी संपत्तियों का नुकसान हुआ है। जिन लोगों के हाथों ऐसा हुआ है वे समाज के ऐसे दबंग लोग हैं जिन्हें सत्ता का खुला समर्थन प्राप्त बतलाया गया। मजेदार बात तो यह है कि यहां वर्णों का संघर्ष इस ढंग का हो गया कि समाज के सबसे ऊंचे कहे जाने वाले क्षत्रियों और ब्राह्मणों के बीच भी ठनी रही। आदित्यनाथ को वैसे तो संन्यासी बन जाने के बाद जाति–पाति से कुछ लेना–देना नहीं रहना चाहिए, लेकिन उनके सत्ताकाल में प्रशासन का झुकाव ठाकुरों की ओर स्पष्ट दिखा। ब्राह्मण अपने आप को न केवल उपेक्षित महसूस कर रहे हैं बल्कि एक हद तक अपमानित भी। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेहद नजदीकी कहे जाने वाले अरविंद शर्मा को भी आदित्यनाथ ने विशेष तवज्जो नहीं दी जो मोदी द्वारा मुख्यमंत्री पर नजर रखने के लिए भेजे गये थे। योगी का रूतबा ऐसा बढ़ा हुआ है कि वे मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी अपने ठेंगे पर रखते हैं। यहां तक कि आरएसएस को भी योगी को ही चुनाव का चेहरा घोषित करना पड़ा है–मोदी को दरकिनार करते हुए। एक तरफ प्रशासकीय नाकामियां और दूसरी तरफ अधिकतर समुदायों व संप्रदायों की नाराजगी के कारण आगामी चुनाव में भाजपा की हालत बेहद खराब समझी जा रही है। इसके कारण अब उसके सामने विभिन्न जातियों तथा समूहों के सामने हाथ जोड़ने के अलावा कोई उपाय नहीं रह गया है। उस समय पहले स्वयं संघ प्रमुख मोहन भागवत को कहना पड़ा था कि जो लोग देश में मुसलमानों को नहीं देखना चाहते और मॉब लिंचिंग जैसे कृत्यों में शामिल होते हैं वे हिन्दू नहीं हैं। इसी प्रकार, नाराज ब्राह्मणों को रिझाने के लिए भाजपा उनके भी दर पर जा रही है। वैसे तो पंडितों को अपने खेमे में लाने के लिए उनके कट्टर विरोधी दल बहुजन समाज पार्टी वाले भी ब्राह्मण सम्मेलन कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में वही भाजपा दलितों के दरवाजों पर दस्तक दे रही है जो उनके प्रति गहन घृणा का भाव रखती आई है। घोर आरक्षण विरोधी भाजपा के मंत्री और नेता दलितों के यहां भोजन करने, सफाई कामगारों के पैर धोने जैसे नाटक करते आये हैं। दलित इस बात को कैसे भूल सकते हैं कि भाजपा के शासन काल में दलित उत्पीड़न की घटनाएं आम हैं।



# अली अब्बास जफर की फिल्म सुपर सोल्जर में नजर आ सकती हैं कैटरीना कैफ

कैटरीना कैफ बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने दिलकश अंदाज और मुस्कान से लाखों प्रशंसकों के दिलों पर राज किया है। इस अभिनेत्री की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि कैटरीना चर्चित निर्देशक अली अब्बास जफर की आगामी फिल्म सुपर सोल्जर में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यह अली अब्बास की सुपरहीरो फिल्म होगी। कैटरीना इस फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कैटरीना अली अब्बास की फिल्म सुपर सोल्जर में नजर आएंगी। खबरों की मानें तो सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग खत्म करने के बाद कैटरीना इस फिल्म से जुड़ेंगी। अली अब्बास और कैटरीना की यह चौथी फिल्म होगी, जिसमें वे दोनों साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने भारत, मेरे ब्रदर की दुल्हन और टाइगर जिंदा है जैसी चर्चित फिल्मों में काम किया है। अली अब्बास ने बताया, फिल्म का शेड्यूल डेट्स उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा। अभी भी कैटरीना अन्य प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। टाइगर 3 की शूटिंग का शेड्यूल आगे बढ़ गया है और वह इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में ही फ्री हो पाएंगी। उम्मीद है कि जब कैटरीना की व्यस्तता खत्म हो जाएगी, तब इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल अली अब्बास इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। जब-जब कैटरीना और अली अब्बास ने एक साथ काम किया है, उनके प्रोजेक्ट को काफी सराहना मिली है। अली अब्बास ने कैटरीना की एक्टिंग स्किल में लगातार सुधार होने की बात कही है। फिल्ममेकर ने कहा, मुझे लगता है कि एक अभिनेत्री के रूप में उनमें निखार आ रहा है। इन दोनों ने 2009 में आई फिल्म न्यूयॉर्क में भी साथ काम किया है। इस फिल्म से अली अब्बास एक सहायक निर्देशक के तौर पर जुड़े थे। इससे पहले अली अब्बास ने खुलासा किया था कि यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। फिल्म में कैटरीना के अपोजिट कोई पुरुष अभिनेता को कास्ट नहीं किया जाएगा। मेकर्स का मानना था कि कैटरीना अपने आप में हीरो के रूप में अपनी छवि रखती हैं। स्वाभाविक तौर पर इस फिल्म में दर्शकों को कोई रोमांटिक गाने नहीं देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के लिए कैटरीना अपनी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रही हैं। कैटरीना अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर लीड रोल में दिखेंगे। कैटरीना के फैंस उनकी आने वाली फिल्म सूर्यवंशी का इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। कैटरीना सलमान की फिल्म टाइगर 3 में भी दिखेंगी। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।

# अमायरा दस्तूर ने बारिश में भीगते हुए शेयर कीं BOLD तस्वीरें











एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी लुक्स और हॉटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। अमायरा अक्सर अपने बोल्ड अंदाज से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। एक बार फिर अमायरा ने कुछ ऐसी ही तस्वीरें फैन्स के साथ साझा की हैं, जिनमें उनका स्वैग आग लगाने के लिए काफी है।

# थ्रिलर वेब सीरीज में सीबीआई अफसर बनने जा रहीं हैं अभिनेत्री श्वेता तिवारी

अभिनेत्री श्वेता तिवारी टीवी की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्होंने हर बार अपने अभिनय और अंदाज से दर्शकों का दिल जीता है और अब एक बार फिर वह दर्शकों को अपना दीवाना बनाने आ रही हैं। श्वेता अब एक ऐसे अवतार में दिखने वाली हैं, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा। वह एक सीबीआई अफसर के किरदार में नजर आने वाली हैं। आइए जानते हैं उनकी भूमिका और शो के बारे में और क्या जानकारी मिली है। ओटीटी प्लेटफॉर्म उल्लू ऐप की सस्पेंस थ्रिलर वेब सीरीज शुक्ला वर्सेज त्रिपाठी में श्वेता को महिला पुलिस अफसर के रूप में



देखना प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। यह एक क्राइम सीरीज है, जो सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी। श्वेता ने कहा कि वह इस सीरीज का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं। इसमें वह एक मर्डर मिस्ट्री की जांच करती दिखेंगी। शो के सेट से श्वेता की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अपने नए शो के बारे में पूछे जाने पर श्वेता ने कहा, मैं वेब सीरीज शुक्ला वर्सेज त्रिपाठी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं। यह सस्पेंस से भरा थ्रिलर प्रोजेक्ट है और हमने हाल ही में इसकी शूटिंग शुरू की है। उन्होंने बताया, इसकी कहानी एक युवा कवयित्री के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे लाइव टेलीविजन शो के दौरान गोली मार दी जाती है और अब ये जांच अधिकारियों पर निर्भर है कि वे सच्चाई का पता लगाएं। सीरीज में अपने किरदार पर बात करते हुए श्वेता ने कहा, मैं इसमें एक कड़क सीबीआई ऑफिसर का किरदार निभा रही हूं। मेरे कैरेक्टर का नाम रिद्धिमा लाखा है। ये रोल काफी दमदार होने वाला है। उन्होंने बताया, मैं एक ऐसे अफसर की भूमिका में हूं, जिसे रिश्वत नहीं दी जा सकती। जैसे ही हम इस सफर की शुरुआत कर रहे हैं, मैं अपने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन की उम्मीद करती हूं। श्वेता इन दिनों खतरों के खिलाड़ी 11 में नजर आ रही हैं। आखिरी बार उन्हें धारावाहिक मेरे डैड की दुल्हन में देखा गया था। इसमें उनके साथ अभिनेता वरुण बडोला नजर आए थे। श्वेता ने कई टीवी धारावाहिकों और फिल्मों में काम किया है। उन्होंने एकता कपूर के धारावाहिक कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा का किरदार निभाया था, जिससे वह घर-घर में मशहूर हो गई थीं। असल में उन्हें इसी शो से पहचान मिली थी।

# प्रोजेक्ट की विफलता के लिए किसी अभिनेता को दोष देना सही नहीं: राइमा सेन



अभिनेत्री राइमा सेन का कहना है कि किसी परियोजना की विफलता के लिए किसी अभिनेता को दोष देना अनुचित है क्योंकि यह टीम वर्क है और इसके लिए हर कोई जिम्मेदार है। राइमा ने बताया मुझे लगता है कि किसी प्रोजेक्ट की विफलता या सफलता के लिए सिर्फ एक अभिनेता को दोष देना अनुचित है क्योंकि मुझे लगता है कि यह टीम वर्क है। हर कोई इसके लिए जिम्मेदार है, केवल अभिनेता ही नहीं। हम एक स्क्रिप्ट पढ़ते हैं लेकिन हम नहीं जानते कि यह अंततः कैसे निकलेगी। राइमा, जिनके हालिया काम में वेब-श्रृंखला द लास्ट ऑवर शामिल है, उनका कहना है कि टीम वर्क के लिए सब कुछ है। अभिनेत्री ने कहा कि हम नहीं जानते कि इसे कैसे शूट किया जाएगा। हम सिर्फ एक स्क्रिप्ट पढ़ते हैं जिसकी हम भूमिका निभाते हैं लेकिन बाकी वास्तव में हमारे ऊपर नहीं है। बेशक, हम कुछ कह सकते हैं लेकिन यह टीम वर्क है आप उस मामले के लिए केवल निर्देशक या किसी को भी व्यक्तिगत रूप से दोष नहीं दे सकते हैं। अनुभवी स्टार मुनमुन सेन की बेटी राइमा ने कहारू दर्शक विकसित होते रहते हैं इसलिए यह दर्शकों पर निर्भर करता है कि उन्हें क्या पसंद है और क्या नहीं। कुछ फिल्में जो दिखाई जाती हैं, वे अपने समय से आगे होती हैं, वे अभी अच्छा नहीं करते, शायद वे बाद में अच्छा करेंगे। राइमा अगली बार आगामी ओटीटी शो मैया में दिखाई देंगी।



## सावन में शिवलिंग पर चढ़ाएं ये पत्ते, भोलेनाथ होंगे आप पर मेहरबान

सावन के पवित्र महीने में लोग खासतौर पर शिव भक्ति में डूबे होते हैं। मान्यता है कि इस मास में भगवान शिव माता पार्वती के साथ धरती पर वास करते हैं। इस दौरान भोलेनाथ और मां पार्वती की सच्चे मन से पूजा व व्रत करने से जल्दी ही शुभफल की प्राप्ति होती है। ऐसे में लोग शिव जी प्रसन्न करने के लिए उन्हें बिल्वपत्र, भांग, धतूरा आदि उनकी प्रिय चीजें चढ़ाते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि शिव जी को बिल्वपत्र के अलावा भी कई पत्ते अर्पित किए जा सकते हैं? धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कई अन्य पत्ते भी है जिन्हें शिवलिंग पर चढ़ाने से मनचाहा फल मिलता है।

चलिए जानते हैं इन पत्तों के बारे में...

शमी का पत्ता

वैसे तो शमी का पत्ता न्याय के देवता शनिदेव को अर्पित किया जाता है। मगर इसे शिवलिंग पर चढ़ाने से भी शुभ होता है। ऐसा करने से शनिदेव के साथ भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है। मान्यता है कि इससे मनचाहा फल मिलता है।

भांग का पत्ता

भगवान शिव को भांग अतिप्रिय है। ऐसे में भक्त उनकी कृपा पाने के लिए भांग का पत्ता चढ़ाते हैं। मान्यता है कि इसे चढ़ाने से जीवन के सभी दुख–दर्द दूर हो जाते हैं। यह एक औषधी भी माना जाता है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन दौरान भगवान शिव ने विषपान किया था। उस समय विष से उपचार करने के लिए देवताओं ने शिव जी को भंग का पत्ता अर्पित किया था। इससे उन्हें शांति मिली थी।

दूर्वा

मान्यता है कि प्रथम पूजनीय गणेश और भोलेनाथ को दूर्वा अर्पित करने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है।

आम का पत्ता

किसी भी धार्मिक कार्य में आम का पत्ता खासतौर पर इस्तेमाल किया जाता है। मान्यता है कि आम के पत्ते को शिवलिंग पर अर्पित करने से दुर्भाग्य सौभाग्य में बदल जाता है। जीवन की समस्याएं दूर होकर घर में सुख– समृद्धि, खुशहाली का वास होता है।

धतूरे का पत्ता

शिव पुराण में धतूरे के पत्ते व फूल के बारे में बताया गया है। मान्यता है कि इसे शिवलिंग पर चढ़ाने से नकारात्मकता दूर होती है।

पीपल के पत्ते

हिंदू धर्म में पीपल के पेड़ को बेहद ही पूजनीय माना जाता है। इसमें देवी–देवताओं का वास माना जाता है। मान्यता है कि पीपल के पत्ते को शिवलिंग पर चढ़ाने से कुंडली में ग्रह दोषों से मुक्ति मिलती है। जीवन संबंधी समस्याएं दूर होकर घर में सुख–समृद्धि आती है।



## अपनी मनोकामना अनुसार करें शिवलिंग का अभिषेक, बरसेगी शिव कृपा

हर महीने में शिवरात्रि का पावन त्योहार मनाया जाता है। वहीं सावन मास की शिवरात्रि का खास महत्व माना जाता है। इस महीने यह शुभ तिथि 6 अगस्त 2021, दिन शुक्रवार को पड़ रही है। मान्यता है कि इस दिन अपनी मनोकामना के मुताबिक शिवलिंग बनाकर पूजा व अभिषेक करने से जल्दी ही शुभफल की प्राप्ति होती है। चलिए जानते हैं इसके बारे में...

भू–संपत्ति के लिए

अगर आपकी भूमि संबंधी कोई समस्या से परेशान है तो इस शिवरात्रि फूलों से बने शिवलिंग का अभिषेक करें।

सेहत व संतान प्राप्ति के लिए

सावन शिवरात्रि में जौ, गेहूं और चावल के आटे को मिलाकर तैयार शिवलिंग का विधि–विधान से अभिषेक करें। मान्यता है कि इससे निसंतान को संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही सेहत बरकरार रहती है।

उत्तम खेती के लिए

गुड़ के बने शिवलिंग का अभिषेक व पूजा करने से उत्तम खेती का वरदान मिलता है।

घर में बरकरत बनाएं रखने के लिए

चांदी के शिवलिंग का अभिषेक व पूजा करने से घर में अन्न व धन की बरकत बनी रहती है। जीवन में धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

अकाल मृत्यु का भय होगा दूर

दूर्वा से शिवलिंग बनाकर पूजा करने से भगवान शिव की असीम कृपा मिलती है। मान्यता है कि इससे अकाल मृत्यु के खतरे से बचाव रहता है।

बीमारियों से बचाव के लिए

जो लोग किसी बीमारी से पीड़ित है वे सावन मास की इस शिवरात्रि में मिश्री से बने शिवलिंग का अभिषेक करें। मान्यता है कि इससे भोलेनाथ की कृपा होने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

मोक्ष पाने के लिए

आंवले को पीसकर तैयार पाउडर से शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक व विधि–विधान से पूजा करने से मोक्ष प्राप्त होता है।

स्त्री के सौभाग्य में वृद्धि

मान्यता है कि मोती से तैयार शिवलिंग की पूजा व अभिषेक करने से महिलाओं से सौभाग्य में वृद्धि होती है।

# देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने के आसान उपाय, हमेशा पैसों से भरा रहेगा पर्स



जीवन में सुख–समृदि्घ व धन की हर कोई कामना करता है। इससे घर में खुशहाली आने के साथ जीवन की सभी मुश्किलें आसान हो जाती है। ऐसे में आप धन की देवी लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए कुछ खास व सरल उपाय कर सकते हैं। मान्यता है कि इन उपायों को करने से जल्दी ही देवी लक्ष्मी की असीम कृपा बरसती है। साथ ही बंद किस्मत के ताले खुलकर जीवन में तरक्की के रास्ते खुलते हैं। चलिए जानते हैं उन बेजोड़ व सरल उपाय... ताले से जुड़ा करें यह उपाय

शुक्रवार को ताले की दुकान से स्टील या लोहे का बंद ताला खरीदें। ध्यान रखें ताला पहले से बंद हो। इसे ना दुकानदार खोलें ना ही आपको खोलना है। शुक्रवार की रात को इस बंद ताले को सिरहाने के पास रख कर सोएं। अगली सुबह इसे किसी मंदिर में रख आएं। मान्यता है कि जैसे ही कोई उस बंद ताले को खोलेता है इससे हमारी किस्मत का ताला भी खुल जाता है।

सोना और केसर को रखें एक साथ

अपने सोना व गहने रखने वाली जगह पर साथ में केसर रखें। मान्यता है कि इससे घर–परिवार पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

पीपल वृक्ष पर जलाएं दीपक

शनिवार के दिन पीपल पेड़ के नीचे घी का दीपक और सुगंधि त अगरबत्ती जलाएं।

गुलाब चढ़ाएं

देवी लक्ष्मी को गुलाब अतिप्रिय है। इसलिए देवी मां को समर्पित दिन यानि शुक्रवार को उन्हें गुलाब चढ़ाएं। साथ ही खीर का भोग लगाएं।

च्नदरंइझमेंतप

हरे रंग का रुमाल बांटे

देवी लक्ष्मी का प्रिय रंग हरा माना जाता है। इसलिए शुक्रवार के दिन हरे रंग का रूमाल 9 कन्याओं को भेंट स्वरूप दें।

सिरहाने जौ रखकर सोएं

सोने से पहले अपने बेड के नीचे व सिरहाने की तरफ किसी पात्र में जौ भरकर रखें।घ्छ सुबह इसे किसी पशु को खिला दें।

कमलगट्टे की माला

देवी लक्ष्मी को कमलगट्टे की माला अतिप्रिय है। इसलिए देवी मां को यह माला चढ़ाएं। इसके साथ ही इस पवित्र माला को भी धारण करें।

गाय को खिलाएं गुड़ की रोटी

5 किलो आटा और सवा किलो गुड़ लेकर आटा गूंथ लें। फिर इससे रोटियां बनाकर गुरुवार की शाम गाय को खिलाएं। इस उपाय को लगातार 3 गुरुवार करें।

च्नदरंइझमेंतप

अखंड जोत जलाए

देवी लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए 11 दिनों तो अखंड जोत जलाए। इसके बाद 11वें दिन कन्याओं को भोजन कराएं। इसके साथ अपने सामर्थ्य अनुसार उन्हें दक्षिणा देकर आशीर्वाद लें।

कन्याओं को खिलाएं खीर

शुक्रवार का दिन देवी लक्ष्मी को समर्पित होता है। ऐसे में 21 शुक्रवार तक कन्याओं को खीर और मिश्री बांटें। मान्यता है कि इससे देवी लक्ष्मी जल्दी प्रसन्न होती हैं।





## पति–पत्नी में हर समय रहती है अनबन तो यूं लगाए राधा–कृष्ण की तस्वीर

राधा –कृष्ण की तस्वीर सिर्फ घर की शोभा ही नहीं बढ़ाती बल्कि हिंदू धर्म के मुताबिक, इसे घर में लगाना काफी शुभ भी माना जाता है। वहीं, वास्तुशास्त्र के अनुसार, राधा–कृष्ण की तस्वीर लगाने से पति–पत्नी को बहुत फायदा मिलता है। प्यार का प्रतीक माने जाने वाले राध ा–कृष्ण की तस्वीर लगाने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है लेकिन आपको इसका सही तरीका भी पता होना चाहिए।

सही जगह लगाए तस्वीर

वास्तु के अनुसार, राधा–कृष्ण की तस्वीर बेडरूम की उस दीवार पर लगाएं जहां से सुबह उठते आपकी नजरें उनपर पढ़े। इससे पति–पत्नी के रिश्ते में तनाव नहीं आता।

ऐसी तस्वीर लगाएं

–राधा– कृष्ण की रासलीला करती हुई तस्वीर बेडरूम में लगाना अच्छा माना जाता है। वास्तु के अनुसार, इसे उत्तर–पश्चिम दिशा में लगाएं। इससे पति–पत्नी के रिश्ते में तनाव आता है।

–बेडरूम में ऐसी तस्वीर लगाएं, जिसमें राधा–कृष्ण के साथ अन्य गोपियां ना हों। साथ ही तस्वीर में राधा–कृष्ण एक दूसरे को प्रेम भाव से देख रहे हों। इससे पति–पत्नी के बीच अनबन खत्म हो जाती है।

इस रंग का हो फ्रेम

लाल रंग वाली राधा–कृष्ण की तस्वीर घर में सकारात्मक ऊर्जा लाती है। साथ ही इससे वैवाहिक जीवन भी सुखमय होता है।

पति–पत्नी में बढ़ेगा प्यार

जिस दीवार पर राधा–कृष्ण की तस्वीर लगी हो उसके सामने पति–पत्नी अपनी तस्वीर लगाएं। वास्तु के अनुसार, इससे कपल्स के बीच प्यार व विश्वास बढ़ता है।

## हाथ पर खुजली से लेकर काली चींटी दिखने तक शुभ माने जाते हैं ये संकेत

लोग शकुन–अपशकुन पुराने जमाने से मानते आ रहे हैं। कहा जाता है कि हमें जीवन में कई ऐसे संकेत मिलते हैं जिससे भविष्य में लाभ व हानि मिलने का पता चलता है। वहीं कुछ संकेत शुभ माने जाते हैं। मान्यता है कि इन संकेतों का मिलना धन प्राप्ति की ओर इशारा करता है। चलिए जानते हैं इनके बारें में विस्तार से...

हाथों में खुजली होना

आपने अक्सर सुना होगा कि सुना होगा कि हाथ पर खुजली होने से धन लाभ होता है। वहीं ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, लंबे समय तक दाहिने हाथ पर खुजली होना आर्थिक तौर पर लाभ मिल सकता है।

काली चींटियां दिखाई देना

काली चींटिंयों को कुछ खाते हुए देखना शुभ होता है। मान्यता है कि इसे धन प्राप्ति के योग बनने लगते हैं। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, रोजाना चींटियों को आटे में चीनी मिलाकर खिलाना भी शुभ होता है।

एक साथ तीन छिपकलियां दिखना

माना जाता है कि एक साथ तीन छिपकलियां दिखने से आर्थिक समस्या से छुटकारा मिलता है। वहीं छिपकलियों को एक–दूसरे के पीछे भागती देखना भी शुभ संकेत देता है। इसके अलावा किसी के माथे पर छिपकली गिरने से धन प्राप्ति योग



बनने लगते हैं। गाय का रंभाना हिंदू धर्म के अनुसार, गाय में देवी–देवताओं का वास होता है। ऐसे में इनकी पूजा करने व रोटी खिलाने से घर में अन्न व धन की बरकत बनी रहती है। वहीं अगर कोई गाय आपके घर के सामने आकर रंभाती है तो बस खुश हो जाए। मान्यता है कि इससे आप पर देवी लक्ष्मी की कृ पा होने वाली है। चिड़िया का घोंसला घर पर अगर चिड़ियां अपना घोंसला बनाएं तो इसे शुभ माना जाता है। मान्यता है कि घर में चिड़ियों का घोंसला आर्थिक समस्या दूर होने की ओर इशारा करता है। कुत्ते के मुंह में रोटी अगर आप कुत्ते को मुंह में रोटी लेकर जाता हुआ देखते हैं तो यह शुभ संकेत माना जाता है। मान्यता है कि इससे धन प्राप्ति के योग बनते हैं। ऐसे में आपको आर्थिक तौर फायदा मिल सकता है।

# सुलह समझौतों से करें विवादों का समाधानःन्यायाधीश आरिफ



अमिटरेखा ब्यूरो। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में आज दिनांक 11–08–2021 को विकास खण्ड देवरिया सदर के प्रांगण में विधिक साक्षरताध्जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायाधीश आरिफ निसामुद्दीन खान द्वारा विधिक सेवाये क्या है, लाभ, तथा पात्रता व सूचना का अधिकारी अधिनियम मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र एवं अन्य कानूनों के बारें में जानकारियां दी गयी। उक्त अवसर पर माननीय न्यायाधीश द्वारा लोक अदालत के गुणवत्ता के महत्ता पर प्रकाश डालते हुये बताया गया कि लोग अपने विवादों को सुलह समझौता के माध्यम से लोक अदालत में निस्तारित करावें, सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित होने से कोई पक्ष हारता नही है बल्कि दोनो पक्षों की जीत होती है। उनके द्वारा यह बताया गया कि यदि किसी पात्र व्यक्ति को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो प्राधिकरण के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होने बताया कि दिनांक 11.09.2021 राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में अपने वादों का निस्तारण करायें। उक्त अवसर सहायक विकास अधिकारी, चन्द्रभूषण त्रिपाठी, व राजीव मोहन त्रिपाठी, ए0पी0ओ0 आर0डी0 सिंह, मध्यस्थ श्री अरविंद पांडे, पैनल अधिवक्ता श्री रूपेश मिश्रा व श्री राजू आदि के द्वारा मनरेगा, ग्रामीण स्वच्छता मिशन, स्व–सहायता समुह, महिलाओं के अधिकार तथा महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों के बारें में विस्तार से जानकारियां दी गयी। उक्त अवसर पर प्रश्नकाल भी रखा गया था जहां पर सविता देवी, संतोषी देवी, दुर्गा शर्मा, पुष्पा देवी व अन्य व्यक्तियों के समस्याओं को सुनकर मौके पर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उक्त अवसर श्री संतोष शाही जितेन्द्र तिवारी ग्राम प्रधान, सदस्य महिलाओं सहित अधिक संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहें।

# बोस्टन अमेरिका में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे विजय जायसवाल

अमिट रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी



महराजगंज, गोरखपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम के अग्रणी अभिकर्ता विजय कुमार जायसवाल ने निर्धारित समय से पूर्व ही लक्ष्य को हासिल कर अमेरिका के प्रतिष्ठित क्लब एमडीआरटी की अर्हता हासिल कर बोस्टन में होने वाले विश्व व्यवसायिक सम्मेलन में प्रतिभाग लेने का अवसर प्राप्त किया। कोल्हुई क्षेत्र के बहादुरी बाजार निवासी विजय कुमार जायसवाल विकास अधिकारी शैलेष मणि त्रिपाठी के मार्गदर्शन में वर्ष 2014 से लगातार एमडीआरटी(मिलियन डॉलर राउण्ड टेबल) की अर्हता हासिल करते आ रहे हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित उक्त क्लब की अर्हता हासिल करने के लिए 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना रहता है पर जायसवाल ने समय से पांच माह पूर्व ही उक्त लक्ष्य को प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। श्री जायसवाल ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय पालसी धारकों व शुभचिंतको को दिया।जायसवाल के इस सफलता पर सीताराम जायसवाल महापौर,राजेश जायसवाल चेयरमैन आनन्दनगर ,विकास अधिकारी शैलेष मणि त्रिपाठी, परमेन्द्र हरि वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक ,वाणिज्य प्रबन्धक विश्वनाथ चौधरी, मुख्य शाखा प्रबंधक श्रीमती कीर्ति मेहरोत्रा, संजय द्विवेदी शाखा प्रबन्धक, प्रताप बहादुर प्रबन्धक नव व्यवसाय,इंद्रनील कुमार,शैलेन्द्र कुमार ओझा वरिष्ठ प्रसाशनिक अधिकारी,अजय तिवारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,अपर जिला जज हरिश्चन्द्र,सर्वजीत सिंह अपर जिला जज,नंद कुमार चौधरी मुख्य न्यायिक अधिकारी, डॉ धर्मेंद्र सिंह,अभिषेक कुमार,शशांक कुमार समेत अन्य गणमान्य जनों ने बधाई दी।

## डीएम व एसपी द्वारा आज प्रातः ही किया गया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

राजू प्रसाद श्रीवास्तव।
अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र द्वारा आज जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। एक–एक बैरको की सघन तालाशी ली गयी। इस दौरान एक–एक बैरक को खगाल करके आपत्तिजनक वस्तुओं की संघन चेकिंग करायी गयी। एक घंटे से ज्यादा यह अभियान चला। कोई आपत्तिजनक वस्तु नही मिली। खानपान की व्यवस्था एवं साफ सफाई का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी वस्तुएं जेल मैटेरियल मैनुअल और मानक अनुसार पायी गयी। आज पूर्वान्ह् लगभग 7 बजे डीएम व एसपी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ औचक जिला कारागार पहुॅचें। पाकशाला में बन रहे भोजन आदि को भी देखा गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा भोजनालय में बन रही रोटी के गुणवत्ता का परख किया गया। निरीक्षण में प्रभारी जेल अधीक्षक राजकुमार, क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी, कोतवाल राजू सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल व कारागार के संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना सहकारी समितियां होगी सु ढ़ तो किसान होगे मजबूत:पूर्व विधायक कासिम अली

अमिट रेखा – रामाशंकर सिंह

कुशीनगर। कभी किसानों को खाद बीज से लेकर नकदी तक उपलब्ध कराने वाली सहकारी गन्ना समितियां आज बदहाल है।इससे गन्ना किसान मर्माहत है। उक्त बातें क्षेत्र भ्रमण के दौरान अमवादीगर मे आयोजित एक प्रेस वार्ता में सेवरही के पूर्व विधायक एव सपा नेता कासिम अली ने कहीं। श्री अली ने कहा कि गन्ना सहकारी समितियो को पहले किसानों का बैंक कहा जाता था। यहां गन्ना पर्चियो के साथ साथ गन्ना मूल्य का भुगतान भी हो जाया करता था। करीब आठ दशक पूर्व जब चीनी मिलो की स्थापना होनी शुरू हुई तो किसानों ने धीरे धीरे गुड बनना कम कर दिया और चीनी मिलो को ही गन्ना देना मुनासिब समझा उसी समय किसान हितकारी सहकारी गन्ना समितियो की स्थापना हुई।आगे चल कर तकनीकी का हवाला देकर चीनी मिलो व्दारा आपूर्ति तथा भुगतान का काम अपने हाथ मे ले लिया गया यही कारण है कि सहकारी गन्ना समितियां कमजोर होती चली गई और किसान मिल मालिकों की मनमानी का शिकार होने लगा।आज समितियो पर कर्मचारियों का लाखो रूपये का भुगतान बकाया है पूर्व विधायक श्री अली का कहना है कि अगर सहकारी गन्ना समितियो को पुनजीवित नहीं किया गया तो किसान एवं सहकारी गन्ना समितियो के कर्मचारियों की हालत और दयनीय हो जायेगी।आगे उन्होंने कहा कि जब समाज मे आतंक का पर्याय हुआ व सत्ता पक्ष के व्दारा सत्ता के नशे मे चूर होकर ब्यक्तिगत स्वार्थ करने लगता है।किसान अपनी जायज मांगों को लेकर सडको पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार के कानो तक जूं तक नहीं रेख रहे हैं। अगर 2022 मे उत्तर प्रदेश मे सपा की सरकार बनी तो किसानों की जनसमस्या दूर होगी।

# अब होगा त्वरित निस्तारण एसपी प्रदिप गुप्ता

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। आगामी शुक्रवार 13.08.2021 को थाना कोतवाली क्षेत्र में, जनता की पुलिस संबंधित समस्याओं



को लेकर थाना कोतवाली में समय करीब 12.00 से 14.00 बजे तक जनता चौपाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा पुलिस संबंधी समस्त प्रकरणों को संज्ञान लेते हुए पुलिस की टीम भेज कर निस्तारण कराया जाएगा। समस्याओ के निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की 10 टीमें मय वाहन बनाई गई हैं। जो पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार मौके पर जाकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु कार्य करेंगे।अतः थाना कोतवाली क्षेत्र की जनता दिनांक–13.08.2021 को समय करीब 12.00 से 14.00 तक अपनी समस्याओं को लेकर थाना कोतवाली के प्रांगण में आने हेतु सादर आमंत्रित है।

## आगामी त्यौहार को लेकर कुमारगंज थाने पर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

अमिटरेखा रोहित सिंह

मिल्कीपुर अयोध्या। आगामी त्यौहार को लेकर मंगलवार को थाना कुमारगंज परिसर में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध



यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोगों से आने वाले सभी प्रमुख त्यौहार मोहर्रम, रक्षाबंधन आदि त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील करते हुए थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन चौकस हैं। आगामी त्यौहार में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो क्षेत्र में शांति व्यवस्था रखें। यदि किसी के द्वारा किसी भी तरह से कानून का उल्लंघन किया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस लगातार अराजक तत्वों पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि त्योहार वर्ष में एक बार आते हैं। इसे शांति से मनाने के बजाय कुछ लोग अरजकता फैलाने का काम करते हैं। पुलिस उनसे शक्ति से निपटेगी।उन्होंने लोगों से कहा कि यदि किसी को कोई समस्या होती है तो वे पुलिस को सूचित करें। पीस कमेटी की बैठक कुमारगंज थाने के उप निरीक्षक राजाराम, उमेश कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी चिलबिल अभिषेक सिंह, उप निरीक्षक आशीष यादव, अभिषेक सिंह हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल उदय राज यादव, कांस्टेबल सावधान सिंह, महिला कांस्टेबल रीना यादव, नेहा यादव समेत थाने के अन्य स्टाफ के साथ साथ विजय कुमार उपाध्याय, बैजनाथ बैश्य, अजय विक्रम सिहं, तिलक राम, मोहम्मद असलम, रईस, परवेज, रफी उल्ला, राजेंद्र, अख्तर खान, स्वामीनाथ, राम बहादुर यादव, देवीदीन भोलानाथ, इरफान, हीरालाल समेय क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# जर्मन कैदी मैनफ्रेड को मिली जेल से आजादी 7 साल से नशीले पदार्थ की तस्करी में काट रहा था सजा

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। मंडलीय कारागार गोरखपुर में सात साल से नशीले पदार्थों की तस्करी के जुर्म में जेल काट रहे जर्मनी के निवासी बैरेन्ड मैनफ्रेड को मंगलवार को गोरखपुर जेल से रिहा कर दिया गया।जेल से रिहा होते ही मैनफ्रेड की खुशी का ठिकाना ना रहा। जेल की चारदीवारी की कैद से आजाद होते ही वह खुशी से आसमान की ओर देखकर झूम उठा।वर्ष 2014 में भारत–नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी करते हुए।




मैनफ्रेड को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद से ही वह मंडलीय कारागार गोरखपुर में सजा काट रहा है। क्या है प्रत्यर्पण संधि भारत और जर्मनी के बीच हुए प्रत्यर्पण संधि के तहत मैनफ्रेड को उसके देश सौंपा जा रहा है। मैनफ्रेड बाकी बची हुई सजा अब अपने देश की जेल में काटेगा। प्रत्यर्पण संधि के तहत किसी दो देश के कैदियों को आपस में बदल दिया जाता है। यदि कोई नागरिक किसी दूसरे देश में क्राइम करता हैं तो इस स्थिति में उस देश की पुलिस उसे अपने जेल में बंद रखता है।ऐसी स्थिति में कैदी अपने परिवार वालों से भी नहीं मिल पाता है।दो देशों के बीच आपसी समझौते के जरिए इन कैदियों को दोनों देश आपस में कागजी कार्रवाई के अनुसार बदल लेते हैं जिसमें कैदी अपनी बची हुई सजा अपने देश में काटता है।

# कर करेत्तर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न



अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कर–करेत्तर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित राजस्व वसूली न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट की। निम्न वसूली के कारण जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प और जिला आबकारी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है, जबकि एआरटीओ परिवहन का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। मंडी परिषद को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द मंडी की अप्रयुक्त दुकानों की नीलामी करायी जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को चेतावनी दी है कि राजस्व वसूली में जल्द से जल्द तेजी लायें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।बैठक में एडीएम कुंज बिहारी अग्रवाल, जॉइंट मजिस्ट्रेट साई तेजा सीलम, डीडीओ जगदीश त्रिपाठी, डीएफओ पुष्प कुमार के. सभी एसडीएम समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## इच्छुक व्यक्ति गुरु गोविंद सिंह एकता पुरस्कार का आवेदन कर सकते हैं अपर जिलाधिकारी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। प्रमुख सचिव उ0प्र0 राष्ट्रीय एकीकरण जितेन्द्र कुमार की पत्र की हवाले से अपर जिलाधिकारी कुन्जबिहारी अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि इच्छुक व्यक्ति ष्गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार ष हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदन के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति भारत का मूल निवासी हो तथा उ0प्र0राज्य सीमा के अन्दर सामान्यतया निवास करता हो। मानवाधिकारों की रक्षा ,सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो, तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित हो। सार्वजनिक रूप सम्मानित करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा गुरू गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस ( 05 जनवरी 2022 ) पर ष्गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकीकरण एकता प्रदान किया जायेगा। इस पुरस्कार के लिए रुपया एक लाख नकद तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। आवेदन के लिए शासन की वेबसाइट https:/ shasnadesh- up- nice- in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2021 है। आवेदन पश्चात अपना तथ्यात्मक विवरण को अभिलेखीय साक्ष्य अपर जिलाधिकारी अधिकारी कार्यालय में जमा किया जायेगा।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्टर सभागार में 12 तारीख को बैठक 4.30 बजे

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में पेयजल एंव स्वच्छता विभाग व जल शक्ति अन्तर्गत गोबर धन परियोजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 12 अगस्त 2021 को सांय 4.30 बजे आहुत की गयी है। उक्त की जानकारी के0बी0वर्मा जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा दी गयी है। उन्होने कहा है कि बैठक में सम्बन्धित अधिकारी समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

## ग्रामीणों ने दी सामूहिक पलायन की चेतावनी

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत के तूगाना गांव में जल निकासी न होने से परेशान ग्रामीणों ने सामूहिक पलायन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने मकानों के गेट पर घर बिकाऊ है का बोर्ड लगा दिया है। पिछले कुछ महीनों से कॉलोनी में जलभराव हो रहा है और कीचड़ जमा हो गया है जिससे कॉलोनी में रहना भर हो गया है। तमाम दुश्वारियों के चलते ग्रामीणों ने गांव से पलायन करने की चेतावनी दी है और मकान बिकाऊ है का पोस्टर चस्पा कर दिया है। डीएम से लेकर तमामअधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन मामले में अभी तक सुनवाई नहीं हुई है।जलभराव और गंदगी के कारण महामारी फैल रही है। बच्चे और जवान तमाम लोग बीमार हो रहे हैं। जलभराव और गंदगी के कारण स्किन डिजीज फैल रही है।बच्चे और बुजुर्ग बीमारियों से बेहाल है। पानी में सांप और बिच्छू जैसे जानवर बहकर आ रहे हैं जिनके काटने से दो लोगों की मौत हो चुकी है। मामला छपरौली थाना के तुंगाना गांव का है, जहां कश्यप समाज के एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने अपने मकानों पर मकान बिकाऊ है का बोर्ड लगा दिया है। मकान बिकाऊ है का बोर्ड लगाने वाले लोगों में संजीव, नरेश, प्रदीप आदि दर्जनों लोग शामिल है।उनका कहना है कि गांव में पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे कि कॉलोनी में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है।कॉलोनी में आने जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है, जिस कारण जलभराव से होकर गुजरना पड़ता।

# भारत और भारतीयों को बदनाम कर रहे टिल्ला गिरोह का पत्रकारों ने किया पर्दाफाश

**– पत्रकार डॉ शिफा ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के नाम साक्ष्यों सहित कोतवाली मैगलगंज में दी तहरीर**

अमिटरेखा हरदोई। इस्लामिक शरारती तत्व उसूले दीन से दूर और माले गनीमत के करीब बदनाम हो रहा मुसलमाँ, मैगलगंज–खीरी।भारत विरोधी गतिविधियाँ अपनाकर इण्टरनेट के जरिए देश–विदेश के लोगों से रुपए ठगने वाले टिल्ला गिरोह का हुआ पर्दाफाश।पत्रकार के भाई से रुपए ठगने की कोशिश और जान–माल की दी जा रही धमकियों के कारण पत्रकारों का चढ़ा पारा।पत्रकार संगठन सदस्यों ने मिलकर उठाई आवाज।जनपद खीरी की कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के औरंगाबाद से लेकर जनपद हरदोई की कोतवाली पिहानी के महमूदपुर सरैंया के निवासी निकले सभी जालसाज।जालसाजों में शामिल क्रिमिनल हिस्ट्री शीटर महिला और बच्चों को मोहरा बनाकर चल रहा था साइबर क्राइम का धन्धा।देश में रहकर इण्टरनेट का गलत इस्तेमाल करके देश वासियों को अपने जाल में फँसाकर कर रहे हैं धोखा।माले गनीमत पाने के लिए कहला रहे मुस्लिम।किरदारे रसूल और इस्लामिक उसूल से हैं दूर।बदनाम हो रहा मुसलमान।पत्रकार डॉ शवीह अब्बास उर्फ डॉ शिफा निवासी पिहानी जनपद हरदोई के विदेश में रह रहे भाई के बिजनेस ग्रुप से मोबाइल नम्बर निकालकर 2 सालों से कर रहे थे रुपयों की माँग।रुपए न देने पर घर परिवार को बम से उड़ाने की दे रहे थे धमकी।घबराए परिजन तो पत्रकार डॉ शिफा के पिता को पड़ा हार्ट अटैक।समय रहते एस0आर0एम0एस0 बरेली हॉस्पिटल में कराया भर्ती तो लाखों खर्च के बाद बच पाई जान।मजबूर होकर एसपी हरदोई और एसपी लखीमपुर से की शिकायत।तो मामले में औरंगाबाद पुलिस चौकी से गलत व भ्रामक रिपोर्ट देने पर एसपी खीरी ने 9 अगस्त 2021 को औरंगाबाद चौकी इंचार्ज नीतिश भारद्वाज का गैर जनपद राएबरेली किया तबादला।तब जाकर हरकत में आई मैगलगंज पुलिस।गिरोह का हुआ पर्दाफाश।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने विपक्षी के पैरोकार को 10 दिन के अंदर गिरोह के सभी अभियुक्तों को हाजिर आने का दिया समय।निर्देशों में बोले प्रभारी चंद्रकांत तहरीर के मुताबिक छै। के तहत हो सकती है बड़ी कार्रवाई।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन 15 अगस्त को

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज ने बताया है कि राष्ट्रीय पर्व (स्वतंत्रता दिवस) 15 अगस्त 2021 ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021 के अवसर पर क्रास कन्ट्री रेस के आयोजन किया जायेगा, जिसमें बालक/बालिकाओं को क्रमशः 26 कि०मी० एवं 03 कि०मी० क्रास कन्ट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन कोबिड–19 के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन व सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुये किया जायेगा। क्रास कन्ट्री रेस प्रातः 07 बजे से स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रारम्भ होकर स्टेडियम चाहरदीवारी के चारों तरफ दौड़ लगाकर सम्पन्न होगी।

## स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाए जाने को लेकर सम्पन्न हुई बैठक

अमिट रेखा तहसील प्रभारी

देवरिया। देवरिया आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को मनाए जाने को लेकर गत दिवस विकास भवन के गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर विचार विमर्श कर रुप रेखा तय की गयी तथा इस राष्ट्रीय पर्व को परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को कहा गया। तय कार्यक्रम अनुसार धार्मिक स्थलों पर प्रातः 5 बजे सामूहिक प्रार्थना के साथ इस पर्व की शुरुआत होगी। सभी सरकारी भवनो को रात्रि में प्रकाशमान किया जायेगा। 14 व 15 अगस्त की रात्रि में जनपद के सभी शहीद स्मारकों, महापुरुषों की प्रतीमाओं एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्थलों की व्यापक साफ सफाई सुनिश्चित किए जायेगें और इन स्थलों को रात्रि में प्रकाशमान भी किया जायेगा। स्कूलों, कालेजों में प्रभात फेरी निकाली जायेगी। ध्यान देना होगा कि बच्चों की संख्या कम से कम हो तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। सभी कार्यालयों, राजकीय भवनो में झंडारोहण प्रातः 8 बजे होगा। बाल सदन एवं जिला जेल में महापुरुषों के प्रेरणादायक पुस्तकों का वितरण किया जायेगा। रामलीला मैदान के सामने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण इत्यादि की व्यवस्था अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित होगें। पौधों की व्यवस्था वन विभाग द्वारा करायी जायेगी। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने तय कार्यक्रमों की रुप रेखा अनुसार सभी तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है।

## जिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में दो मृतक आश्रितों अनूप



प्रकाश चन्दा व नसीम खान को तृतीय श्रेणी कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। स्व. रामअवध प्रशासनिक अधिकारी तहसील निचलौल,निवासी ग्राम महदेवा बुजुर्ग ( निराला नगर) तहसील फरेन्दा की मृत्यु 28 अप्रैल 2021 तथा स्व. गुफरान खान नजारत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, निवासी हमीद नगर वार्ड नं.16 नगर पालिका परिषद महराजगंज की 3 मई 2021को सेवाकाल में मृत्यु हो जाने के कारण इनके पुत्रों को मृतक आश्रित श्रेणी में नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा दोनों अभ्यर्थियों को कलेक्ट्रेट कार्यालय से नियुक्ति पत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने पूर्व कर्मचारियों की मृत्यु पर खेद व्यक्त करते हुए, नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामना देते हुए ईमानदारी से काम करने के लिए कहा।

## महाप्रबंधक को मांग पत्र प्रस्तुत करते विधायक फतेह बहादुर सिंह

अमिट रेखा पवन पांडेय

कैंपियरगंज गोरखपुर। कैंपियरगंज विधानसभा के विधायक



फतेह बहादुर सिंह ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर से मुलाकात कर विधानसभा से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का मांग पत्र प्रस्तुत किया महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर ने शीघ्र कार्य करने का आश्वासन दिया।

# डीएम ने मेगा क्रेडिट कैम्प का किया शुभारम्भ

### - 102 करोड का ऋण स्वीकृति पत्र/प्रतीक चेक किया गया वितरित

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो विकास भवन के गांधी



सभागार में आज आयोजित मेगा क्रेडिट कैम्प का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस दौरान 102 करोड़ का ऋण स्वीकृति पत्रध्प्रतीक चेक वितरित किया गया। वित्त पोषित योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं स्वालम्बन की दिशा में ऋण उपलब्ध करा कर अधिक से अधिक रोजगार एवं आर्थिक उन्नयन के लिए बेहतर वातावरण सृजित हो और लोग स्वालम्बी बने, इसके लिए आज वृहद ऋण शिविर का आयोजन किया गया। जनपद का लक्ष्य 100 करोड़ रुपए वितरण हेतु शासन द्वारा निर्धारित किया गया था। लक्ष्य से अधिक की पूर्ति 102 करोड़ ऋण स्वीकृति पत्र विभिन्न शासकीय योजनाओं यथा–पीएमइजीपी, एसएचजी, एमएसएमई, मुद्रा, एनआरएलएम इत्यादि योजनान्तर्गत लाभार्थियों को वित्त पोषित किया गया। लगभग 20 लाभार्थियों को क्रेडिट कैम्प में ऋण वितरण एवं स्वीकृति पत्र जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने सम्बोधन में कहा कि लाभार्थी ऋणराशि का सदुपयोग अपने आजीविका सृजन एवं स्वालम्बन के लिए करें तथा निर्धारित समय पर उसकी वापसी भी करें। उन्होने कहा कि बैंक वित्त पोषित योजनाओं के माध्यम से लोगो के आर्थिक उन्नयन के लिए उनके साथ खड़ा है। संचालित योजनाओं को अपनाए और उसका लाभ उठाएं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैकों को जिलाधिकारी ने यथा–सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बडौदा यूपी बैंक, स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। परियोजना निदेशक संजय पाण्डेय ने संचालित योजनाओं में बैकों के भूमिका पर प्रकाश डाला तथा उनके उद्बोधन उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी। अग्रणी जिला प्रबंधक ने जनपद के विकास में एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं में बैंक कर्मचारियों के कर्तव्य निर्वहन की भूरी–भूरी प्रशंसा की। सभा के अन्त में डीडीएम नाबार्ड के संचित सिंह ने नाबार्ड की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न बैकों के अधिकारीध्प्रबंधक, स्वयं सहायता समूह की महिलाये, लाभार्थी गण आदि मौजूद रहे।

# 48 घण्टे के अन्दर थानाक्षेत्र पट्टी के ग्राम सपहाछात में हुए डबल मर्डर का किया खुलासा, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ व्यूरो। थाना पट्टी पुलिस द्वारा दिनांक 09.08.2021



को थानाक्षेत्र पट्टी के ग्राम सपहाछात में हुए डबल मर्डर की घटना किया खुलासा घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। दिनांक 09.08.2021 को सुबह लगभग 11.00 बजे थानाक्षेत्र पट्टी के अर्न्तगत स्थित ग्राम सपहाछात के एक खेत में गांव के ही 02 व्यक्ति शिव भोले पुत्र झिंगूरी राम तथा रवीन्द्र पुत्र सोनई राम मृत पाये गये थें। उक्त घटना की सूचना पर स्थानी पुलिस द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनाम की कार्यवाही करते हुये पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंजध्पट्टी द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना के विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए प्रत्येक दशा में अभियोग के अनावरण हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई थी।

इसी क्रम में फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया गया तथा पुलिस की कई टीमें गठित कर घटना के अनावरण हेतु निरन्तर प्रयास किया जाने लगा। घटना के सम्बन्ध में वादी श्री सोनई राम की तहरीर पर थाना पट्टी पर मु0अ0सं0 303ध्21 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुरेंद्र प्रसाद द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी रानीगंजध्पट्टी के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 11.08.2021 को प्रभारी निरीक्षक पट्टी श्री गणेश प्रसाद सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र पट्टी के मुजाही बाजार से घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01. सुभाष पुत्र रामयश नि0 सपहाछात थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 02. योगेन्द्र पुत्र मोतीलाल नि0 कोथरा थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों सुभाष नि0 सपहाछात थाना पट्टी तथा उसका बहनोई योगेन्द्र नि0 कोथरा, धौरहरा थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर ने घटना के सम्बन्ध में विस्तार से बताया कि दिनांक 08ध्09.08.2021 की रात्रि को हम दोनो लोग अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम सपहाछात के धान के खेत में रवीन्द्र व शिवभोले को शराब पिलाकर गला दबाकर उनकी हत्या कर दिये थे। घटना के कारणों के सम्बन्ध में अभियुक्तगणों ने बताया कि हमारी अविवाहित लड़की से रवीन्द्र ( मृतक ) देर रात तक बात करता था तथा तरह–तरह से अफवाह भी फैलाता रहता था जिससे हमारी बदनामी हो रही थी।

इसी बात को लेकर हम लोग योजना बनाकर इकट्ठा हुए और घटना को अंजाम दिये थे। ग्राम सपहाछात के पास धान के खेत में शराब पीने के बहाने से रवीन्द्र को बुलाया था, साथ में रवीन्द्र का साथी शिवभोले भी आ गया था। शिवभोले हमेशा रवीन्द्र का साथ देता था। हम लोगों ने उन दोनो को शराब पिलाया था। बातचीत करते–करते रवीन्द्र और शिवभोले दोनो हम लोगों से लड़ने लगे थे तब हम लोगों ने रवीन्द्र व उसके साथी शिवभोले दोनो को गिराकर उनका गला दबाकर हत्या कर दिया था। घटना से सम्बन्धित अन्य अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया गया है जिनकी गिरफ्तारी जल्द ही कि जायेगी।

गिरफ्तारी का स्थान मुजाही बाजार थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़।

## गायब युवक की लावारिस हालत में मिली बाइक

### – परिजनो ने जताई हत्या की आशंका

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। कोहंडौर थाना क्षेत्र के मदाफरपुर देवकली गांव का एक युवक कल शाम से बाइक सहित गायब था बुधवार की सुबह अतरसंड नहर के पास लावारिस हालात में मिली मोटरसाइकिल , सूचना क्षेत्र के लोगों ने कोहंडौर पुलिस को दी।सूचना मिलते ही कोहड़ौर एसओ समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचे। कोहड़ौर थाना क्षेत्र के देवकली मदाफरपुर निवासी कृष्ण कुमार मौर्या मंगलवार के शाम घर वापस नही आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की उसका कहीं पता नहीं चला बुधवार की सुबह अतरसंड गांव के नाहर के पास लावारिस हालत में उसकी बाइक खड़ी मिली इसकी सूचना लोगों ने कोहंडौर पुलिस को दी एसओ कोहंडौर बच्चा लाल पहुंच कर बाइक को अपने कब्जे में लिया इधर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं फिर हाल पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## पीड़ित दर-दर भटक रहा उसकी नहीं दर्ज हुई

अमिट रेखा ब्यूरो

प्रतापगढ। माना मांधाता के हरिहरपुर गांव दबंगों ने महिलाओं और बच्चों पर जमकर कहर बरपाया लाठी–डंडों से पीटकर किया लहूलुहान पीड़िता थाने व एस पी दफ्तर का चक्कर लगा रही है दबंगों के प्रभाव में नहीं दर्ज हो रही है एसआई आर। बता दें कि थाना मान्धाता के गांव हरिहरपुर निवासी श्याम लाल श्याम लाल गुप्ता का बहुत ही गरीब है जो घर पर रहता है किसी प्रकार परिवार का जीविकोपार्जन करता है,पड़ोसी दबंग यादवों द्वारा घर में घुस कर परिवार वालों को मारे, पीटे, और बच्चियों से छेड़खानी भी किए थाना मान्धाता मे प्रार्थनापत्र दिया गया, लेकिन दबंगों के प्रभाव में पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआइआर इस परिजन एसपी ऑफिस पर परिवार सहित धरना भी दिए लेकिन किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। दबंगों का हौसला बुलंद है किसी भी समय वहां अपनी घटना घटित हो सकती है।

## पी आर डी जवान की बाइक चोरी

अमिट रेखा व्यूरो।

प्रतापगढ़। थानागाजी क्षेत्र गांव में कबड्डी प्रतियोगिता देखने गए पीआरडी जवान की बाई चोरों ने उड़ाई मामले की तहरीर पुलिस को दी कंधई थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इटवा मिडिल स्कूल मे मंगलवार को कबड्डी खेल प्रतियोगिता चल रही थी , पीआरडी जवान रामदुलार अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस ब्लैक कलर की जिसका नंबर यूपी 72 ।छ 3689 खड़ी करके कबड्डी देखने चले गए जब कुछ देर बाद कबड्डी देखकर वापस लव थे इनकी बाइक वहां से गायब थी इन्होंने बहुत खोजा पर कहीं पता नहीं चला घटना की तहरीर कंधई थाने मे दी।

## आसपुरदेवसरा पुलिस का गजब कारनामा गाजा में चालान करने की धमकी देकर ले लिया 50 हजार

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। आसपुर देवसरा पुलिस का एक अजीबोगरीब कारनामा उजागर हुआ है जिसमें एक व्यक्ति से पुलिस ने गाजा में चालान करने के नाम पर धमकाकर ध्50000 वसूल लिया, जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित द्वारा उच्चाधिकारियों से की गई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रायचंद पट्टी गांव निवासी संजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र भगवत प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया है कि बीते रविवार को वह सामान की खरीददारी करने सैफाबाद बाजार आए हुए थे इस दौरान सैफाबाद चौकी का एक सिपाही उन्हें यह कहा कि साहब बुला रहे हैं जब वह उनसे मिलने चौकी पर गए तो उन्हें वहां बैठा लिया गया पीड़ित ने एसपी डीएम व शासन के उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि चौकी में उन्हें धमकाया गया कि ध्50000 दो नहीं तो तुम्हें गाजा में जेल भेज दिया जाएगा और उन्हें चौकी के अंदर से गाजा भी दिखाया गया इस मामले की पीड़ित ने नामजद शिकायत उच्चाधिकारियों से करते हुए अवैध रूप से वसूले गए ध्50000 वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## भैंस चोर सक्रिय भैंस चोरी के मामले से मवेशी परेशान

अमिट रेखा मेहरौना लार। जनपद देवरिया क्षेत्र लार में भैंस चोरी का मामला शोसल मिडिया पे सुर्खियां बनता जा रहा है। आए दिन भैंस चोर सक्रिय होते जा रहे हैं। आप को बता दें कि कुछ दिन पहले ग्राम रतनपुरा के व्यास गोंड और कलिंदर गोंड की एक ही जगह बांधे गए 2 भैंसों को चोर पिकअप पर लाद चुरा ले गए और उसका अभी तक पता नहीं चला। मामला अभी नर्म भी नहीं हुआ कि बीती रात ग्राम जमसड़ा निवासी दिनेश कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय सुखराम कुशवाहा की भैंस को चुरा ले गए जानकारी के मुताबिक दिनेश कुशवाहा कुछ ही दूरी पर सोए हुए थे उन्होंने देखा कि कुछ ही दूर पर पिकअप खड़ा हुआ है मगर उन्होंने इस पर ध्यान ना देते हुए सो गए कुछ देर बाद नींद खुली तो देखा कि मेरा भैंस नहीं है इनका मानना है कि वह पिकअप जो खड़ी थी उसी पर मेरे भैंस को लेकर चले गए मामला करीब एक बजे की बताई जा रही है। गरीब अपने परिवार का जीविकोपार्जन के लिए भैंस पालते हैं दिन रात मेहनत करके उन्हें खिलाते पिलाते हैं। और चोर चंद मिनटों में इन गरीबों के अरमानों को नष्ट करने में कामयाब हो जाते हैं। इस तरह देखा जाए तो जनपद के अंदर चोरी, छिनौती का मामला ज्यादा बढ़ता जा रहा है। गांव के कुछ संभ्रांत लोग इसका कारण बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी आदि बता रहे है।

## इस्लामी नया साल पहली मोहर्रम आज इस्लामी नए साल का आगाज

अमिट रेखा इमरान अंसारी

मेहरौना लार। नए इस्लामी साल की शुरुआत मुहर्रम से होती है मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है यह महीना बेहद खास माना जाता है इस साल अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक मोहर्रम का महीना 11 अगस्त से शुरू होता है इस महीने के दसवें तारीख को यौमे आशूरा होता है इसी दिन मुहर्रम मनाया जाता है यह इस्लाम मजहब का प्रमुख महीना है इस दिन दुनिया भर में कर्बला के शहीदों की याद में सभाएं और जुलूस निकाले जाते हैं अंतिम पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन, और उनके साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है पूरे विश्व भर में मुसलमान मोहर्रम की 9 और 10 तारीख रोजा रखते हैंऔर इबादत करते हैंकोविड–19 महामारी के कारण इस बार मोहर्रम में जुलूस और ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाएगा सादगी ढंग से मोहर्रम लोग अपने घर में मनाएंगे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो0– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com


समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होगें।


समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



रवि कुमार चौधरी
सहायक अध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय रायबारी विकास खण्ड भटनी (देवरिया)

समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



रीना देवी – पुत्र बहु प्रतिनिधि
ग्रामप्रधान – शारदा भगत
ग्राम – सखिनी पथरदेवा (देवरिया)

समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



सुरेश प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम – मलवावर – पथरदेवा (देवरिया)

समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!




मुहम्मद हसनैन सिद्दीकी
प्रधानाध्यापक
ग्राम– सखिनी प्राथमिक विद्यालय पथरदेवा – (देवरिया)

समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



महावीर प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम – सेमरी पथरदेवा ( देवरिया )
सौजन्य से – समाजसेवी (अजित राय)

समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



शहाबुद्दीन अंसारी
ग्रामप्रधान
ग्राम:पुर्नहा मिश्र विशुनपुरा (कुशीनगर)
मोबाइल – 8953754649

समस्त ग्रामवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!



रामबेलश यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम – बजरहा – बघौचघाट (देवरिया)